मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 14 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 6:14 | सूर्यास्त: 16:59 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष नवमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : रिश्तों की रस्सी कमजोर होने का पहला कारण गलतफहमी है।



श्रद्धालुओं को कॉरिडोर से प्रयागराज की झांकी देखने को मिलेगी : योगी

-पृष्ठ 6




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त 71,000 से ज्यादा कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनियुक्त 71,000 से ज्यादा कर्मचारियों को सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं कल देर रात ही कुवैत से लौटा हूं, वहां भारत के युवाओं से, प्रोफेशनल्स से लंबी मुलाकात हुई, काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद मेरा पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ हो रहा है, यह सुखद संयोग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरुआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। यह जाता हुआ साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है। मैं आप सभी युवाओं और आपके परिवारों को अनेक-अनेक बधाइयां देता हूं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते एक-डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वह हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर स्वास्थ्य तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। देश में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें 'युवा प्रतिभा' को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वह अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएमश्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हम अपनी पहलों के माध्यम से इस दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरियां देने का अभियान चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। आपकी सफलता दूसरी महिलाओं को प्रेरित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें।

## एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादी के प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** पंजाब में आतंकवाद की साजिश के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लिंडा तथा कुख्यात अपराधी बचितार सिंह उर्फ पवित्र बटाला के एक प्रमुख सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। पंजाब के गुरदासपुर जिले का निवासी जतिंदर सिंह उर्फ ज्योति जुलाई 2024 में हथियारों के आपूर्तिकर्ता बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई की गिरफ्तारी के बाद से फरार था। उसे एनआईए के सघन तकनीकी और जमीनी प्रयासों के बाद सोमवार को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था।

# बांग्लादेश ने भारत को पत्र भेजकर शेख हसीना को वापस भेजने की मांग की

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने सोमवार को कहा कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक संदेश भेजा है। भारत ने नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग से राजनयिक संदेश प्राप्त होने की पुष्टि की, लेकिन इस पर टिप्पणी करने से परहेज किया। बांग्लादेश के इस कदम से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में विदेश मंत्री तौहीद हुसैन ने ढाका में संवाददाताओं से कहा, ''हमने भारत सरकार को एक राजनयिक संदेश भेजा है, जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश में न्यायिक प्रक्रिया के लिए उन्हें (हसीना) वापस ढाका भेजा जाए।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''हम पुष्टि करते हैं कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज



बांग्लादेश उच्चायोग से एक पत्र प्राप्त हुआ है।'' उन्होंने इस मामले पर फिलहाल कोई भी टिप्पणी करने से इनकार किया। हसीना (77) पांच अगस्त से भारत में निर्वासन में रह रही हैं। वह छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके साथ ही लगातार 16 साल से जारी उनके शासन का अंत हो गया था। ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने ''मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार'' के लिए हसीना और उनकी कैबिनेट में शामिल मंत्रियों, सलाहकारों और सैन्य एवं प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत, यदि अपराध का स्वरूप ''राजनीतिक'' हो तो प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है। एक अन्य खंड में कहा गया है कि अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को तब तक प्रत्यर्पित नहीं किया जा सकता जब तक कि उसे चार महीने या उससे अधिक की अवधि के लिए सजा न सुनाई गई हो। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के पदभार संभालने के बाद भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत उस देश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है।

# सरकार ने खत्म की 'नो-डिटेंशन पॉलिसी', अब क्लास 5 व 8 में फेल होने पर नहीं होगा अगली क्लास में प्रमोशन



**नयी दिल्ली :** स्कूली शिक्षा में एक बड़ा बदलाव करते हुए केंद्र सरकार ने अपने द्वारा शासित स्कूलों में कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए 'नो-डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है, जो उन छात्रों को फेल करने की अनुमति देती है जो साल के अंत की परीक्षाओं में उत्तीर्ण नहीं हो पाते हैं। 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन के बाद, कम से कम 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही दोनों कक्षाओं के लिए 'नो-डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है। एक गजट अधिसूचना के अनुसार, नियमित परीक्षा के आयोजन के बाद, यदि कोई बच्चा समय-समय पर अधिसूचित पदोन्नति मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे दो महीने की अवधि के भीतर अतिरिक्त निर्देश और पुन: परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है, यदि पुन: परीक्षा में बैठने वाला बच्चा फिर से पदोन्नति के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है, तो उसे पांचवीं कक्षा या आठवीं कक्षा में रोक दिया जाएगा, जैसा भी मामला हो। बच्चे को रोके रखने के दौरान, कक्षा शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो बच्चे के माता-पिता का मार्गदर्शन करेगा और मूल्यांकन के विभिन्न चरणों में सीखने के अंतराल की पहचान करने के बाद विशेष जानकारी प्रदान करेगा। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, अधिसूचना केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3,000 से अधिक स्कूलों पर लागू होगी। चूंकि स्कूली शिक्षा एक राज्य का विषय है, इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं।

# श्याम बेनेगल नहीं रहे, चोट लगने के बाद दो दिन कोमा में थे

**नई दिल्ली :** मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल का आज 23 दिसंबर को शाम 6.38 बजे निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। बेनेगल से जुड़े एक करीबी सूत्र ने अमर उजाला को यह जानकारी दी कि वो दो दिन पहले अपने घर पर गिर गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। श्याम बेनेगल कथित तौर पर किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। दो दिन से वे कोमा में थे और सोमवार शाम इलाज के दौरान उन्होंने आखिरी सांस ली। मंगलवार शाम शिवाजी पार्क में श्याम बेनेगल का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**बेटी ने दी जानकारी**

श्याम बेनेगल की बेटी पिया ने कहा कि उनके पिता और फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का क्रोनिक किडनी रोग के कारण 90 वर्ष की उम्र में मुंबई के वॉकहार्ट अस्पताल में निधन हो गया। शाम 6.38 बजे वॉकहार्ट अस्पताल मुंबई सेंट्रल में उनका निधन हो गया। वह कई वर्षों से क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित थे, लेकिन यह बहुत खराब हो गई थी। यही उनकी मृत्यु का कारण है।'



# ईडी केवल 'आपराधिक साजिश' के आधार पर पीएमएलए मामलों को दर्ज नहीं करेगा

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अधिकारियों से कहा है कि वे धनशोधन का मामला दर्ज करते समय केवल आपराधिक साजिश के प्रावधान पर ही निर्भर न रहें, बल्कि पीएमएलए की धारा 66(2) जैसी और धाराएं भी जोड़ें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अदालती जांच में खरे उतरें। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उच्चतम न्यायालय सहित अदालत के हाल में कई फैसले दिए हैं, जिनमें कहा गया है कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (अब भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2)) ही धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए एक स्वतंत्र पूर्वगामी अपराध नहीं हो सकती है, बल्कि उसमें अधिसूचित अपराध का मामला भी होना चाहिए। इन निर्णयों के आलोक में, संघीय एजेंसी ने अपने जांचकर्ताओं से पीएमएलए की धारा 66(2) के प्रावधानों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने को कहा है, जो ईडी को किसी अपराध के बारे में जानकारी पुलिस विभाग या सीमा शुल्क जैसी एजेंसी के साथ साझा करने की अनुमति देता है, ताकि एक नई प्राथमिकी या शिकायत दर्ज की जा सके, जिसके आधार पर एजेंसी अपना धनशोधन का मामला दर्ज कर सके। अदालतों ने फैसला सुनाया है कि आईपीसी की धारा 120-बी धनशोधन का मामला दर्ज करने और जांच शुरू करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूत्रों ने बताया कि कुछ मामलों में ईडी की कुछ प्राथमिकी या मामले रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए यह निर्देश दिया गया है कि एक ठोस मामला बनाने के लिए पीएमएलए कानून की अन्य धाराओं को ईडी ईसीआईआर (प्राथमिकी) में लागू किया जाना चाहिए। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा तथा कुछ अन्य के खिलाफ ईडी के धनशोधन के मामलों को अदालतों ने इस आधार पर रद्द कर दिया।

# 'एक देश-एक चुनाव' संबंधी संसदीय समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को

**नयी दिल्ली :** देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा सदस्य पीपी चौधरी की अध्यक्षता में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित विधेयकों पर संयुक्त समिति की पहली बैठक एक परिचयात्मक बैठक होने की संभावना है, जिसमें अधिकारी दोनों विधेयकों के बारे में जानकारी देंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' पर विचार के लिए 39 सदस्यीय संसद की संयुक्त समिति का गठन किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद और पूर्व कानून राज्य मंत्री पी.पी. चौधरी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जद(यू), रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिव-सेना (उबाठा), राकांपा (एसपी), माकपा, आम आदमी पार्टी, बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के एक-एक सदस्य शामिल हैं। समिति में राजग के कुल 22 सदस्य हैं, जबकि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 10 सदस्य हैं।

## ट्राई की पहल, दूरसंचार कंपनियों को केवल बातचीत, एसएमएस के लिए जारी करना होगा 'रिचार्ज वाउचर'

नयी दिल्ली : दूरसंचार नियामक ट्राई ने सोमवार को शुल्क नियमों में संशोधन कर मोबाइल पर केवल बातचीत और एसएमएस की सुविधा का उपयोग करने वाले लोगों को राहत दी। इसके तहत मोबाइल सेवा प्रदाताओं को इंटरनेट का उपयोग नहीं करने वाले ग्राहकों के लिए 'वॉयस कॉल' और एसएमएस के लिए एक अलग 'प्लान' जारी करने को अनिवार्य किया गया है। नियामक ने विशेष रिचार्ज कूपन पर 90 दिन की सीमा हटा दी और इसे बढ़ाकर 365 दिन कर दिया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (12वां संशोधन) नियमन में कहा, 'सेवा प्रदाता विशेष रूप से बातचीत और एसएमएस के लिए कम-से-कम एक विशेष शुल्क वाउचर की पेशकश करेगा। इसकी वैधता अवधि 365 दिन से अधिक नहीं होगी।' इस कदम से उपभोक्ताओं को उन सेवाओं के लिए ही भुगतान करना होगा जिनका वे आमतौर पर उपयोग करते हैं। ट्राई के पास परामर्श प्रक्रिया के दौरान विभिन्न विचार सामने आए। इसमें यह बात भी आई कि कई वरिष्ठ नागरिक जिनके घरों में ब्रॉडबैंड हैं, उन्हें अपने मोबाइल फोन के लिए इंटरनेट के साथ वाले 'रिचार्ज प्लान' की आवश्यकता नहीं है।

# गुरदासपुर में ग्रेनेड हमला : पीलीभीत मुठभेड़ में 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' के तीन सदस्य ढेर

**पीलीभीत/चंडीगढ़ :** पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने के मामले में कथित रूप से संलिप्त तीन संदिग्ध खालिस्तानी आतंकवादी सोमवार को पीलीभीत में उत्तर प्रदेश और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इसे पाकिस्तान प्रायोजित 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' मॉड्यूल के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी करार दिया। इस महीने पंजाब में विभिन्न जिलों में तीन विस्फोटों के बाद यह सफलता मिली



है। यह मुठभेड़ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के पूरनपुर पुलिस थाना क्षेत्र में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स और पंजाब एवं उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमों के बीच हुई। डीजीपी यादव ने बताया कि तीनों की पहचान वारिन्दर सिंह उर्फ रवि (23), गुरविंदर सिंह (25) और जशनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) के तौर पर हुई है। ये तीनों पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानौर पुलिस थाना क्षेत्र के निवासी हैं और उन पर कलानौर में बख्शीवाला पुलिस थाने पर हमला करने का आरोप है। हाल ही में हुई बख्शीवाला घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। आतंकवादी संगठन केजेएफ ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर इस आतंकी कृत्य की जिम्मेदारी ली थी। उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि तीनों गुरदासपुर में एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में संलिप्त थे। उन्होंने कहा, ''मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। '' अमिताभ यश 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अस्पताल में तीनों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उनके पास से दो एके-47 राइफल और दो ग्लॉक पिस्तौल तथा कई कारतूस बरामद किए गए हैं।



## सूचना के अधिकार पर न लगें बंदिशें

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है।

दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग-सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

## बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया

**अगरतला :** बांग्लादेश पर त्रिपुरा का 200 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पड़ोसी देश को बिजली आपूर्ति रोकने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड के माध्यम से त्रिपुरा राज्य विद्युत निगम लिमिटेड पड़ोसी देश को 60-70 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है। इसके लिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड के साथ एक समझौता किया गया है। साहा ने यहां पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''बांग्लादेश ने हमें बिजली आपूर्ति के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है। बकाया राशि हर दिन बढ़ रही है। हमें उम्मीद है कि वे अपना बकाया चुका देंगे, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो।''

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 दिसम्बर, मंगलवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष नवमी, 19:51 तक, नक्षत्र : हस्त, 12:11 तक, योग : शोभना, 20:50 तक, सूर्योदय: 6:14, सूर्यास्त: 16:59 चन्द्रोदय : 00:16, चन्द्रास्त: 12:11, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 14:15 से 15:35

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों को लाभ होगा और आपके लिए सम्मान प्राप्ति के योग हैं। आज किसी से भी उधार लेने से बचें, चाहे वह व्यक्ति हो, बैंक हो या कोई संस्था हो।

**वृष :** वृष राशि के जातक आज बहुत व्यस्त रहेंगे। भागदौड़ में सावधानी बरतें, वरना आपको चोट लग सकती है। आपके निर्णय लेने की क्षमता आज आपके काम आएगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोग आज फिजूलखर्ची से बचें। अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं तो तकलीफ बढ़ सकती है। सामाजिक कामों में रुकावटें आएंगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों दिन भाग्यशाली रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। बच्चों के प्रति आपका विश्वास और मजबूत होगा। ननिहाल पक्ष के लोगों से आपको आर्थिक मदद प्राप्त होगी।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। मानसिक बेचैनी, उदासी और चिंता के कारण आप भटक सकते हैं। मीठी बातें करें वरना रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों में निडरता का भाव रहेगा। आप मुश्किल कामों को हिम्मत से पूरा कर पाएंगे। माता-पिता का पूरा सुख और सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ होगा।

**तुला :** तुला राशि वालों का दिन शुभ है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों की भलाई के बारे में सोचेंगे और दिल से उनकी सेवा भी करेंगे। नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों का मन परेशान रहेगा। व्यापार बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास विफल हो सकते हैं। शाम तक आप अपने धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय पा लेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों के विद्या, बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य और परोपकार की भावना बढ़ेगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। धार्मिक कामों में रुचि लेंगे और पूरा सहयोग करेंगे।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। कुछ अनचाहे खर्चे भी करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातक नई-नई खोज में समय बिताएंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। परिवार के लोगों से धोखा मिल सकता है। सांसारिक सुख, नौकर-चाकरों का सुख मिलेगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन खास है। लंबे समय से चले आ रहे बेटे या बेटी से जुड़े किसी विवाद का हल निकलेगा। आपका खुशमिजाज स्वभाव लोगों को आपकी तरफ आकर्षित करेगा।

# सदा अमल कमल से रहे अटल



डॉ. घनश्याम बादल

25 दिसंबर का दिन क्रिसमस दिवस के रूप में दुनिया भर में अपनी एक अटल छाप छोड़ता है मगर भारत में 25 दिसंबर पर अटल की अटल छाप है। वही अटल जिन्हे देश अटल बिहारी वाजपेई के नाम से व उनका परिवार 'अटल्ला' जानता था। जनसंघ के संस्थापक सदस्य भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष और तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल ने भारतीय राजनीति में ने कई मिथ तोड़े कई स्थापित किए, कई परंपराओं को तोड़ा।

अटल देश के पहले सफल गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने 6 वर्ष से ज्यादा देश पर शासन किया। दुनिया की परवाह किए बगैर भारत को वास्तविक परमाणु शक्ति बनाया , विपक्ष में रहकर भी संयुक्त राष्ट्रसंघ में देश का प्रतिनिधित्व किया, वहां पहली बार हिंदी का परचम लहराया। अटल जी ने भारतीय राजनीति को नई करवट दी और देश की जनता को कांग्रेस से हटकर सोचने का नया दर्शन दिया।

1951 में अस्तित्व में आए जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी वाजपेई ने अपनी कुशल वक्तृत्व शैली से राजनीति में रंग जमाया परंतु लखनऊ में लोकसभा उपचुनाव हार गए, 1957 में जनसंघ ने उन्हें तीन लोकसभा सीटों लखनऊ, मथुरा और बलरामपुर से चुनाव लड़ाया , बलरामपुर से चुनाव जीतकर दूसरी लोकसभा में पहुंचे, यह उनके अगले पाँच दशकों के अटूट संसदीय करियर की शुरुआत थी।

1968 से 1973 तक भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे अटल आपातकाल में जेल गए व 1977 में जनता पार्टी सरकार में विदेशमंत्री बने, इस दौरान संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन में उन्होंने हिंदी में भाषण दिया। 1980 में वें बीजेपी के संस्थापक सदस्य रहे और 1986 तक अध्यक्ष व बीजेपी संसदीय दल के नेता भी रहे। अटल बिहारी वाजपेयी नौ बार लोकसभा के लिए चुने गए, दूसरी लोकसभा से तेरहवीं लोकसभा तक। बीच में कुछ लोकसभाओं से उनकी अनुपस्थिति भी रही. खासतौर से 1984 में, जब वह ग्वालियर में कांग्रेस के माधवराव सिंधिया के हाथों पराजित हो गए। 1962 से 1967 और 1986 में राज्यसभा के सदस्य रहे।

अटल 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री बने. लेकिन लोकसभा में बहुमत साबित न कर पाने की वजह से 31 मई 1996 को संख्या बल के आगे नतमस्तक होने के वक्तव्य के साथ त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद 1998 तक अटल लोकसभा में विपक्ष के नेता रहे. व 1998 के आमचुनावों में सहयोगी पार्टियों के साथ लोकसभा में अपने गठबंधन का बहुमत सिद्ध किया और इस तरह एक बार फिर प्रधानमंत्री बने. लेकिन जयललिता व अन्नाद्रमुक के द्वारा गठबंधन से समर्थन



वापस ले लेने से उनकी सरकार गिर गई , एक बार फिर आम चुनाव हुए और 1999 में हुए चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साझा घोषणापत्र पर हुए चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व को एक प्रमुख मुद्दा बनाया गया तो गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ और वाजपेयी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली इस बार वें पूरे कार्यकाल के प्रधानमंत्री रहे पर अगले चुनाव से पहले ही अटल ने चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर एक नया आयाम बनाया जिस पर वें अंत तक अटल रहे। उसके बाद न राजनीति की और न ही चुनाव लड़ा

अटल उस समय रिटायर हुए जब वें चाहते तो राजनीति में बहुत कुछ कर सकते थे। अटल की यही तो खूबी थी कि वें पदों से भागते रहे और पद उनके पीछे भागते रहे।

राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और वीर अर्जुन का संपादन किया व पं0 दीनदयाल उपाध्याय के सान्निध्य ने उनके प्रखर रूप व प्रतिभा को उजागर किया। अटल अपनी कुशलता से तात्कालिक पत्रकारिता के आदर्श बने।

30 जनवरी 1948 को गांधी जी की हत्या के बाद सरकार द्वारा संघ पर प्रतिबंध लगाने पर 'राष्ट्रधर्म' कार्यालय सील कर दिया गया तो अटल भूमिगत हो गए। न्यायालय के आदेश से राष्ट्रधर्म का ताला खुलने के बाद अटल ने नवंबर में 'स्वदेश' दैनिक भी शुरु कर दिया। बाद में काशी से प्रकाशित 'चेतना' के संपादक रहे।

अटलजी एक राजनेता ही नहीं अपितु साहित्यकार, पत्रकार, संपादक व कुशल कवि तथा वक्ता भी रहे। उनकी भाषण कला के लिए बल पर नेहरु व इंदिरा जैसे विपक्षी नेता भी उन पर फिदा रहे।

अटल राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय व संवैधानिक विषयों के गूढ़ ज्ञाता रहे। अपने सार्वजनिक जीवन का प्रारम्भ एक पत्रकार के रूप में किया। विद्यार्थी जीवन में ही ओजस्वी वक्ता बन गए। 1946 में संघ में शामिल हो, वकालत की पढ़ाई बीच में ही छोड़ खुद को संघ के प्रति समर्पित कर दिया। अटल कहते रहे हैं कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं जीता-जागता राष्ट्रपुरूष है।

अपने प्रधामंत्रीत्व काल में अटल का रणनीतिक कौशल देखकर राजनैतिक समीक्षक दंग रहे। कई विपरीत नीतियों नीतियों वाले दलों के गठबंधन को उन्हानें बड़े ही कुशल ढंग से संभाला , एक तरह से मेंढकतौल के खेल में वें सफल रहे। परमाणु बम बनाने के बाद भी उन्होने देश को अमेरिका व दूसरे देशों के दबाव में नही आने दिया। उस समय वे बहुत कम बोले परन्तु जो बोले वह अन्तर को छूने वाला व रणनीतिक कौशल से पूर्ण था।

अटल का सदा एक ही सपना रहा , एक पराक्रमी व सक्षम भारत बनाने का।उनके धुर विरोधी नेता भी मानते थे कि उनका चिंतन व मनन अद्भुत था, उनका वह रुक-रुक कर बोलना आज भी याद आता है।

एक हिंदुवादी दल में होते हुए भी धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में अटल बेमिसाल रहे। आज उनके परमाणुशक्ति संपन्न भारत की पहचान एक ताकतवर देश के रूप में है। अटल की खास बात रही कि वें वक्त पड़ने पर अपनी बेलाग बातें कहने से कभी नहीं चूके।

जब गुजरात में गोधरा कांड हुआ तब वें प्रधानमंत्री थे और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां के मुख्यमंत्री थे जब पत्रकारो ने पूछा अब मुख्यमंत्री को क्या करना चाहिए तब अटल ने कहा था उन्हें अपना राजधर्म निबाहना होगा। बिना हिंदुत्ववादी ताकतों के दबाव में आए अटल ने अपना तीसरा कार्यकाल जिस तरह पूरा किया वह भारत के धर्मरिपेक्ष स्वरूप की छवि का एक स्वर्णकाल कहा जा सकता है।

दंगा रहित उस काल ने अटल को बहुत पहले ही भारत रत्न बना दिया था जिस पर भारत सरकार की मोहर तो बहुत बाद में लगी। भारत रत्न अटल की नीतियां अद्भुत थी संघ और हिंदूवादी सदलीय एवं विपक्ष के नेताओं से घिरे होने के बावजूद वे हिंदुत्व और धर्मनिरपेक्षता में एक अद्भुत सामंजस्य बनाने में सफल रहे।

# समीक्षा व्यापार

### सोने में 570 रुपये की तेजी, चांदी में 1,850 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बाद स्टॉकिस्टों और निवेशकों की लिवाली से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 570 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। शुक्रवार को सोने की कीमत 78,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से मांग बढ़ने से चांदी 1,850 रुपये उछलकर 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 88,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### अक्टूबर में जियो ने 37.6 लाख मोबाइल ग्राहक गंवाए, सक्रिय ग्राहक बढ़े

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अक्टूबर में 37.6 लाख वायरलेस ग्राहक गंवाने के बावजूद 38.47 लाख उपयोगकर्ताओं को जोड़कर अपना सक्रिय मोबाइल ग्राहक आधार बढ़ा लिया। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सोमवार को ये आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर महीने में भारती एयरटेल ने अपने वायरलेस खंड में 19.28 लाख ग्राहक जोड़े जबकि उसके सक्रिय ग्राहकों में करीब 27.23 लाख की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, वोडाफोन आइडिया ने इस महीने में 19.77 लाख वायरलेस ग्राहक खो दिए और इसके सक्रिय ग्राहक आधार में लगभग 7.23 लाख की गिरावट आई। कुल मिलाकर रिलायंस जियो की कुल वायरलेस ग्राहक संख्या सितंबर के करीब 46.37 करोड़ से घटकर अक्टूबर में 46 करोड़ रह गई।

## किसानों की मदद के लिए नई योजना पर काम कर रही है सरकार : चौहान

**पुणे :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा की कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों को कृषि उपज, दूसरे राज्यों एवं बाजारों तक पहुंचाने में मदद करने के लिए एक नई योजना पर काम कर रही हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार, गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिक्स एंड इकनॉमिक्स (एईआरसी) के हीरक जयंती कार्यक्रम के अवसर पर सिंह ने कहा, '...केंद्र सरकार किसानों के उत्पादों को दूरदराज के स्थानों तक पहुंचाने के लिए एक नई योजना पर काम कर रही है।' मंत्री ने कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान 18 प्रतिशत है, और सरकार इस क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए कई चीजों पर



काम कर रही है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया और कीटनाशकों के अंधाधुंध इस्तेमाल को रोकने की बात कही। उन्होंने कहा, 'समय की मांग प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना है, और हमें इसे पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ाना होगा।' उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को नदी जोड़ो परियोजना के शुभारंभ से किसानों को लाभ मिलेगा। चौहान ने कम पानी में अधिक सिंचाई करने की तकनीक विकसित करने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि प्रयोगशाला के काम को खेतों तक पहुंचाने की जरूरत है और शोधकर्ता सिर्फ प्रयोगशाला तक ही सीमित न रहें। चौहान ने कहा कि इस खाई को पाटने के लिए डीडी किसान चैनल पर 'आधुनिक कृषि चौपाल' नामक एक टेलीविजन कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह एक ऐसा मंच है जहां किसान, शोधकर्ता और वैज्ञानिक एक साथ बैठते हैं और कृषि क्षेत्र की समस्याओं और नए अवसरों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं।

## शेयर बाजार में पांच दिन से जारी गिरावट पर विराम, सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स करीब 500 अंक चढ़ गया। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। इसके अलावा, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 498.58 अंक यानी 0.64 प्रतिशत चढ़कर 78,540.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 876.53 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 165.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,753.45 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हाल की बिकवाली के बाद भारतीय बाजार ने उम्मीद दिखायी है। अपेक्षा से कम अमेरिकी पीसीई (व्यक्तिगत खपत व्यय) आंकड़े ने ब्याज दर से संबंधित क्षेत्रों में निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। चौतरफा लिखाली देखी गई। इस्पात आयात करों में वृद्धि की आशंका से धातु क्षेत्र को विशेष रूप से लाभ हुआ।'' उन्होंने कहा, ''सकारात्मक बाजार धारणा होने के बावजूद बाजार को गति देने वाले नये संकेतकों के अभाव और त्योहार तथा छुट्टियों के कारण अल्पकालिक दृष्टिकोण हल्का रह सकता है।'' सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जोमैटो, मारुति, नेस्ले, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

### रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 85.11 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** फेडरल रिजर्व के नीतिगत रुख से डॉलर सूचकांक में निरंतर मजबूती के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले सात पैसे कमजोर होकर 85.11 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद डॉलर की भारी मांग के कारण रुपया कमजोर रहा। इसके अलावा, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर सूचकांक के ऊंचे स्तर पर बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 में ब्याज दरों में अपेक्षा से कम कटौती का संकेत दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.02 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 85.13 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में यह 85.11 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## निसान, होंडा ने विलय योजना की घोषणा की

**बनेगी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी**




**टोक्यो :** जापानी वाहन विनिर्माता होंडा और निसान ने विलय योजना की घोषणा की है। इस कवायद के पूरा होने के बाद बिक्री के लिहाज से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी अस्तित्व में आएगी। गौरतलब है कि वाहन उद्योग इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता से दूर जा रहा है, दूसरी ओर इसे चीनी प्रतिद्वंद्वियों से तेज प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। दोनों कंपनियों ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। निसान के छोटे गठबंधन के सदस्य मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) माकोतो उचिदा ने बयान में कहा, 'हमें उम्मीद है कि अगर यह एकीकरण सफल होता है, तो हम व्यापक ग्राहक आधार को और भी अधिक मूल्य प्रदान करने में सक्षम होंगे।' जापान में वाहन विनिर्माता इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों से पीछे रह गए हैं और अब वे लागत में कटौती करने और नुकसान की भरपाई करने की कोशिश कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में संभावित विलय की खबरें सामने आईं थीं। अपुष्ट खबरों में कहा गया था कि निकट सहयोग पर बातचीत आंशिक रूप से ताइवान के आईफोन विनिर्माता फॉक्सकॉन की निसान के साथ गठजोड़ करने की आकांक्षाओं से प्रेरित थी।

## सेबी 27 जनवरी को पांच कंपनियों की संपत्तियों की नीलामी करेगा

**नयी दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक सेबी विशाल ग्रुप और सुमंगल इंडस्ट्रीज सहित पांच कंपनियों की 28 संपत्तियों की 27 जनवरी को नीलामी करेगा। निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र की गयी राशि की वसूली के लिए यह कदम उठाया गया है। संपत्तियों की नीलामी 28.66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। उक्त दो कंपनियों के अलावा रवि किरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स और पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित फ्लैट, आवासीय संपत्ति और फ्लैट, भूखंड और इमारत के साथ जमीन शामिल है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के 19 दिसंबर को जारी एक नोटिस के अनुसार, इन संपत्तियों की नीलामी 28.66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। सेबी ने पांच कंपनियों और उनके प्रवर्तकों/निदेशकों के खिलाफ वसूली कार्यवाही के तहत संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2955

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | | 21 |
| 22 | 23 | | | ■ | 24 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ | |
| 26 | | | | | ■ | ■ | 27 | | |

**बायें से दायें:-** 1) तरीका; प्रणाली; *रैसिपी*; कानून, 3) एक नदी, 6) गायब, 8) लम्हाती; पल दो पल का, 9) अधम; दुराचारी; अवैध *(संतान)*, 11) एक देवांगना, 13) भाग; शेयर, 14) पुलकित, 16) उदासी; निरुत्साह, 17) पिता; दादा; संन्यासी; साधु, 18) प्रचलित, 19) रसयुक्त, 22) ठगाई; बटमारी, 25) एक कंद, 26) गैरजरूरी, 27) एशिया का एक बौद्ध धर्मीय क्षेत्र जिसकी भूमि मुख्यत: उच्च पठारी है और जिसपर चीनी जनवादी गणराज्य का अधिकार है.

**ऊपर से नीचे:-** 1) शादी, 2) फल के अंदर का कोमल खाद्य अंश, 3) तिलक, 4) लाख, 5) अचानक, 6) सीलन, 7) विष्णु, 10) कमल, 12) व्यापार, 13) भीतर का, 15) मिट्टी का बरतन जिसमें हुक्का रखकर तम्बाकू पीते हैं, 16) आंशिक; अपूर्णकृत, 20) रजामंदी; अनुमोदन, 21) अपरिवर्तित, 23) क्षतिपूर्ति, 24) पर्वत, 25) आशंका.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | ■ | ज | ल | सा | ■ | ह | रि | या | णा |
| र | ■ | र्ज | ■ | फ़ा | स | ला | ■ | च | ■ |
| प | धा | र | ना | ■ | ब | ह | क | ना | ■ |
| रा | ■ | ■ | दा | ढ़ी | ■ | ल | त | ■ | आ |
| धा | न | वा | न | ■ | ठो | ■ | वा | र्षि | क |
| ■ | ती | ■ | ■ | ख़ा | स | क | र | ■ | र्ष |
| ■ | जा | य | फ | ल | ■ | गा | ■ | ■ | क |
| घू | ■ | की | ■ | सा | ब | र | म | ती | ■ |
| स | मा | न | ता | ■ | ट्रा | ■ | सा | र्थ | क |

## सुडोकू-पहेली-2915

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | | 2 | | | |
| | | | | | | 3 | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | 7 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 1 | |
| | | | | | | | 4 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2914 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 9 |

# केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने कोलकाता में 271 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने कोलकाता में आयोजित किया रोजगार मेला कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित 14वें रोजगार मेला में केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक युवा अभ्यर्थियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। रोजगार मेला के तहत कोलकाता में भी आयोजित कार्यक्रम में 271 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कोलकाता में कार्यक्रम का आयोजन बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर मुख्यालय द्वारा न्यूटाउन में स्थित एसबीआइ इंस्टीट्यूट आफ लीडरशिप के सेमिनार हॉल में किया गया था।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के आईजी मनिंदर पीएस पवार, आईपीएस सहित बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में मंत्री ने अपने हाथों से 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा, शेष चयनित अभ्यर्थियों को वहां मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन अभ्यर्थियों का चयन बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, इंडिया पोस्ट, रेलवे सहित अन्य विभागों में हुआ है।

इस मौके पर, मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। मुझे खुशी हो रही है कि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार मेला के तहत युवाओं को नौकरी मिल रही है। मैं मानता हूं कि इससे देश की युवा शक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके लिए मैं पीएम मोदी का आभार जताता हूं। बीएसएफ ने एक बयान में बताया कि इस बार रोजगार मेले के तहत बंगाल से 1971 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। इनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयनित हुए 102 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपनी की जिम्मेदारी दक्षिण बंगाल फ्रंटियर को सौंपी गई थी। इसके अलावा, 1815 उम्मीदवार अन्य विभागों में चयनित हुए हैं। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने इनमें से 271 अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया था। फ्रंटियर के प्रवक्ता व डीआईजी एनके पांडे ने बताया कि जिन चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में आमंत्रित नहीं किया जा सका, उनको जल्द ई-मेल और डाक के माध्यम से नियुक्ति पत्र भेजे जाएंगे।

# पिता और चचेरे भाई की हत्या कर युवक हुआ फरार, जांच में जुटी पुलिस

## पिता का शव कंबल में, जबकि भाई का सेप्टिक टैंक से मिला

**कूचबिहार :** जिले के डावागुड़ी बैश्यपाड़ा इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक घर के अंदर से 70 वर्षीय वृद्ध का रक्तरंजित शव बरामद हुआ, जो एक कंबल में लिपटा हुआ था। इसी घर के सेप्टिक टैंक से एक अन्य शव भी मिला है, जो मृतक के चचेरे भाई का बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस को शक है कि वृद्ध का बेटा प्रणव कुमार राय (31) इन हत्याओं को अंजाम देकर फरार हो गया है। मृतक की पहचान विजय कुमार बैश्य के रूप में हुई है, जो अपने बेटे प्रणव के साथ रहते थे। पुलिस के अनुसार, विजय कुमार लंबे समय से बीमार थे। उनकी देखभाल के लिए एक मछली विक्रेता रोज उनके घर मछली देने आता था। सोमवार की सुबह जब वह



मछली देने पहुंचा, तो घर का दरवाजा बंद मिला और बाहर एक चिट्ठी पड़ी थी। चिट्ठी में लिखा था कि प्रणव अपने पिता को इलाज के लिए चेन्नई ले गया है। चिट्ठी पर शक होने पर मछली विक्रेता ने पड़ोसियों को बुलाया। घर की बरामदे में खून के निशान देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और घर की तलाशी ली। अंदर एक शोकेस में कंबल में लिपटा विजय कुमार का शव मिला। उनके शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। तलाशी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि प्रणव का चचेरा भाई भी पिछले एक महीने से लापता है। इसके बाद, पुलिस ने घर के सेप्टिक टैंक की जांच की। वहां से प्लास्टिक में लिपटा एक शव मिला, जो बुरी तरह से सड़ चुका था। कपड़ों के आधार पर पुलिस ने शव की पहचान गोपाल राय (44) के रूप में की। पुलिस को शक है कि प्रणव ने अपने पिता और चचेरे भाई की हत्या की है। हत्या के बाद उसने एक चिट्ठी छोड़कर फरार होने की योजना बनाई। पुलिस अब प्रणव की तलाश कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों हत्याएं भारी वस्तु से मारकर की गई हैं। पुलिस प्रणव को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

# नदिया में एक साल में 190 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार, 45 दिनों में 52 हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले साल सिर्फ राज्य के भारत-बांग्लादेश सीमावर्ती जिले नदिया में कुल 190 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी राज्य पुलिस के रिकॉर्ड में दी गई है। उन्हीं रिकार्डों के अनुसार, 190 में से लगभग 52 को पिछले 45 दिनों के दौरान गिरफ्तार किया गया, जब पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और धार्मिक संस्थानों पर लगातार हमलों के कारण राजनीतिक संकट अपने चरम पर था। रिकॉर्ड के अनुसार, घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने बताया कि वे सभी जिले के कुछ हिस्सों में बिना बाड़ वाली सीमाओं का लाभ उठाकर भारतीय सीमा में घुस आए और फिर भारत में रहने लगे तथा स्थानीय एजेंटों के नेटवर्क के माध्यम से फर्जी भारतीय पहचान दस्तावेजों की व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। राज्य पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि गिरफ्तार 190 लोगों में वे लोग शामिल हैं, जो अवैध रूप से सीमा पार कर नादिया जिले के सीमावर्ती गांवों में रहने लगे थे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह संभव है कि उनमें से कई नदिया में सीमा पार करने के बाद अन्य जिलों में चले गए हों। राज्य पुलिस और कोलकाता पुलिस को जानकारी मिली है कि राज्य में अवैध बांग्लादेशी निवासियों के लिए फर्जी भारतीय पासपोर्ट की व्यवस्था करने वाले कई रैकेट संचालित हो रहे हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा रैकेट नदिया जिले से संचालित हो रहे हैं।

# 'जेयू का दीक्षांत समारोह अवैध', राज्यपाल ने अंतरिम कुलपति को लिखा पत्र

## जेयू के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने सोमवार को जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के अंतरिम कुलपति भास्कर गुप्ता को पत्र लिखा। पत्र में, उन्होंने आज होने वाले विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को 'गैरकानूनी' बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सभी नियमों का पालन करने का निर्देश दिया। सोमवार को राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस दिन, राजभवन के अधिकारी ने बताया कि राज्य ने कहा कि एक नियमित कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है, इसलिए दीक्षांत समारोह को टाल दिया जाना चाहिए। पत्र में, राज्यपाल बोस ने कहा कि 24



दिसंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह कई नियम-कानूनों का उल्लंघन करता है, जो छात्रों के हितों को प्रभावित करेगा। अंतरिम कुलपति के इस कदम से विश्वविद्यालय के हजारों की छात्रों की स्थित पर विपरीत असर पड़ सकता है। अधिकारी ने बताया कि जादवपुर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1981 के मुताबिक, विश्वविद्यालय का वार्षिक दीक्षांत समारोह 24 दिसंबर या उस तारीख पर आयोजित किया जा सकता है, जो कुलपति की स्वीकृति से कार्यकारी परिषद द्वारा तय की गई हो। उन्होंने यह भी कहा कि 17 दिसंबर को कार्यकारी परिषद की एक बैठक जल्दबाजी में बुलाई गई थी, जिसमें 24 दिसंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे अति जल्दबाजी से उठाया गया कदम माना जा सकता है। राज्यपाल के पत्र में यह भी कहा गया कि विश्वविद्यालय के कोर्ट को नजरअंदाज किया गया है। विश्वविद्यालय कोर्ट के पास दीक्षांत समारोह से जुड़े फैसले लेने का कानूनी अधिकार है। राज्यपाल ने कहा कि कोर्ट की बैठक पर्याप्त नोटिस के साथ बुलाई जानी चाहिए थी। राज्यपाल ने कहा कि अंतरिम कुलपति की ओर से दिया गया स्पष्टीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि आपसे अपेक्षाएं थीं कि आप कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए काम करते, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। वहीं, जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार की शाम राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और उनसे इस दीक्षांत समारोह को रोकने की अपील की। छात्रों ने इस बात को लेकर चिंता जताई कि जो छात्र आज डिग्री प्राप्त करने जा रहे हैं, उनकी डिग्रियों की वैधता पर सवाल खड़ा हो सकता है।

# नारायणा स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव संपन्न



**हावड़ा, समाज्ञा :** नारायणा स्कूल (हावड़ा ब्रांच) का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव 'मंथन' स्कूल परिसर में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर, बतौर मुख्य अतिथि डॉ. सुमन कुमार मुखर्जी (डायरेक्टर जनरल (बीजीईएस), जेपी आचार्य (कांसुलेट जनरल, नेपाल) सहित अन्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद, मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रिंसिपल विनिता सुब्रमण्यम ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान द्वारा हासिल किये गये उपलब्धियों के बारे में बताया। इस महोत्सव में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये और नाटक का भी मंचन किया गया।

# जय हिंद इंडस्ट्रीज़ प्रा. लिमिटेड ने इंस्टॉल की भारत की सबसे बड़ी 4400 टन हाई-प्रेशर डाई कास्टिंग मशीन

**कोलकाता , समाज्ञा :** जय हिंद इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड ने पुणे के नज़दीक अपने उर्स प्लांट में भारत की सबसे बड़ी 4400-टन हाई-प्रेशर डाई-कास्टिंग मशीन को इंस्टॉल कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुहलर-स्विट्ज़रलैण्ड से लाई गई यह मशीन तकनीकी इनोवेशन एवं उद्योग जगत में नए बेंचमार्क स्थापित करने के जय हिंदइंडस्ट्रीज़के मिशन की पुष्टि करती है। 4400 टन की डाई कास्टिंग मशीन मैनुफैक्चरिंग में गेम चेंजर साबित होगी तथा जटिल एलुमिनियम स्ट्रक्चरल कम्पोनेन्ट्स के उत्पादन के लिए नए बेंचमार्क स्थापित करेगी। इस मशीन के द्वारा ऐसे पार्ट्स बनाए जा सकेंगे जो अब तक क्षेत्र की पहुंच से बाहर थे। स्ट्रक्चर कम्पोनेन्ट्स जैसे क्रेडल्स, शॉक टॉवर्स और हाउसिंग्स से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आधुनिक एलुमिनियम पार्ट्स, हैवी ड्यूटी ट्रांसमिशन और कमर्शियल वाहनों के लिए फ्लायव्हील हाउसिंग्स तक, यह मशीन हर तरह की आधुनिक मैनुफैक्चरिंग में कारगर होगीं प्रसन फिरोदिया, मैनेजिंग डायरेक्टर, जय हिंद इंडस्ट्रीज़ ने कहा, ''यह जय हिंदइंडस्ट्रीज़और भारतीय डाई-कास्टिंग उद्योग के लिए गर्व का समय है। 4400 टन की मशीन इनोवेशन और उत्कृष्टता के लिए हमारे समर्पण को दर्शाती है। इसकी मदद से हम खासतौर पर तेज़ी से विकसित होते ईवी सेक्टर में भावी ऐप्लीकेशन्स के लिए बड़े, जटिल स्ट्रक्चरल पार्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे। हमें उम्मीद है कि इससे हमारी उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और वर्कफ्लो में भी सुधार आएगा।'



स्पीकर बिमान बनर्जी और संजय बुधिया, मलेशिया के मानद काउंसल और विभिन्न देशों जैसे रूस, ऑस्ट्रेलिया, चीन आदि के राजनयिक 71वीं वार्षिक क्राइसेंटमम और पुष्प प्रदर्शनी में विधानसभा हाउस गार्डन्स में उपस्थित रहे।

# 2024-25 की पहली छमाही में पश्चिम बंगाल का राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय से अधिक : रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेटिंग एजेंसी केयरएज के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में पश्चिम बंगाल का राजकोषीय व्यय, उसके पूंजीगत व्यय से अधिक हो गया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इससे राजस्व व्यय और राजकोषीय व्यय के बीच बढ़ते असंतुलन का पता चलता है, जो प्रमुख भारतीय राज्यों में देखे गए व्यापक रुझानों के अनुरूप है। राज्य और केंद्रीय वित्त पर एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य ने राजस्व व्यय में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि इसका पूंजीगत व्यय केवल 7.7 प्रतिशत बढ़ा। केयरएज की रिपोर्ट में कहा गया है, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में राज्यों का राजस्व व्यय मजबूत रहा। कुल मिलाकर, हमारे नमूने में शीर्ष 20 राज्यों ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में अपने बजटीय राजस्व व्यय का 41.5 प्रतिशत उपयोग किया, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही में 40 प्रतिशत उपयोग से थोड़ा अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुफ्त उपहार, आय सहायता और ऋण माफी जैसे चुनावी वादों को लागू करने के कारण व्यय वृद्धि हुई।

# जीवन बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला स्वास्थ्य उत्पाद 'आईसीआईसीआई प्रू विश' हुआ लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जीवन बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला स्वास्थ्य उत्पाद 'आईसीआईसीआई प्रू विश' लॉन्च किया, जो महिलाओं की गंभीर बीमारियों और सर्जरी के लिए विशेष है। इस उत्पाद को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने रीइंश्योरेंस ग्रुप ऑफ अमेरिका, इनकॉर्पोरेटेड (आरजीए) के सहयोग से विकसित किया है, जो एक प्रमुख वैश्विक जीवन और स्वास्थ्य बीमाकर्ता है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों जैसे स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, गर्भाशय कैंसर और हृदय रोग आदि के निदान पर स्वास्थ्य कवर राशि का 100% तक का तत्काल भुगतान प्रदान करता है। मानक योजनाओं के विपरीत, जहां भुगतान प्रतिपूर्ति के रूप में होता है, यह उत्पाद निदान पर एक निश्चित एकमुश्त राशि प्रदान करता है, जो ग्राहकों को लचीलापन प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रू विश, 30 साल की अवधि के लिए अपनी प्रीमियम गारंटी के साथ, ग्राहकों को अपने प्रीमियम भुगतान की बेहतर योजना बनाने में सक्षम बनाता है।

# बजाज फिनसर्व एएमसी ने 'बजाज फिनसर्व ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज फिनसर्व एएमसी ने बजाज फिनसर्व ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो 3 साल की वैधानिक लॉक-इन अवधि और कर लाभ के साथ एक ओपन-एंडेड इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम है। यह फंड 24 दिसंबर, 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और और 22 जनवरी, 2025 को बंद होगा। बजाज फिनसर्व ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड का उद्देश्य इक्विटी में निवेश करके लंबी अवधि में टैक्स सेविंग और धन संचय के दोहरे लाभों को पूरा करना है। ईएलएसएस में 3 साल की लॉक-इन अवधि होती है, जो धारा 80सी के तहत सभी टैक्स-सेविंग विकल्पों में सबसे कम है। बजाज फिनसर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश मोहन ने कहा, हम व्यक्तियों को उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुरूप स्मार्ट वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबकि इक्विटी बाजार अल्पावधि में अस्थिर हो सकते हैं, लेकिन उनमें दीर्घावधि में धन उत्पन्न करने की क्षमता होती है।

# रियलमी ने दमदार बैटरी के साथ रियलमी 14एक्स 5जी किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** रियलमी ने रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया है। यह इसके स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक स्मार्टफोन है। रियलमी 14एक्स 5जी में सेगमेंट का पहला आईपी69 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टेंस और मिलिटरी-ग्रेड शॉक रज़िस्टेंस दिया गया है, जो 6 हजार एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 45 वॉट की चार्जिंग के साथ आता है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसी विशेषताएं दी गई हैं। रियलमी ने इस स्मार्टफोन के साथ किफायती मूल्यों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। रियलमी 14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ यह ब्रांड मिड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में मुमकिन का दायरा बढ़ा रहा है। इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट दिया गया है, जो सुगम यूजर अनुभव प्रदान करता है। इसके इनोवेटिव डायमंड डिजाईन की प्रेरणा क्रिस्टल और रत्नों से ली गई है। इसका 6जीबी+128जीबी का वैरिएंट 14,999 रुपये में तथा 8जीबी+128जीबी का वैरिएंट 15,999 रुपये में रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन चैनलों पर मिलेगा।

# इंडियाज टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024 की सूची जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट बैंकिंग और हुरुन इंडिया ने 'आईडीएफसी फर्स्ट प्राइवेट एंड हुरुन इंडियाज टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024' का दूसरा संस्करण जारी किया है। यह सूची 200 सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनियों की है, जिनकी स्थापना वर्ष 2000 के बाद हुई है। इन कंपनियों की रैंकिंग उनके मूल्यांकन के आधार पर की गई है, जिसमें सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन शामिल हैं। सूची को पूरा करने की आखिरी तारीख 25 सितंबर, 2024 थी। इस सूची में सिर्फ भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को ही शामिल किया गया है, यानि इसमें राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी कंपनियों की सहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं। इस सूची में सभी कंपनियों का कुल मूल्य 36 लाख करोड़ रुपए है। 'इंडियाज टॉप 200 सेल्फ-मेड आंत्रप्रेन्योर्स ऑफ द मिलेनिया 2024' में देशभर के 46 शहरों के उद्यमियों को शामिल किया गया है।

# आरपीएफ ने अभियान महिला सुरक्षा से की परेशानी मुक्त यात्रा की गारंटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन महिला सुरक्षा के तहत, महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की जिम्मेदारी संभाली जा रही है। यह पहल महिलाओं के यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और उन्हें बिना डर और धमकी के यात्रा करने का अधिकार प्रदान करने पर केंद्रित है। 15 से 20 दिसंबर के बीच, हावड़ा, सियालदह, मालदह और आसनसोल डिवीजनों में चलाए गए एक तीव्र अभियान के तहत, महिलाओं के लिए आरक्षित कोचों में अवैध रूप से बैठने वाले 304 व्यक्तियों को रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 15 दिसंबर को 18 अपराधी, 16 दिसंबर को 51, 17 दिसंबर को 80, 18 दिसंबर को 75, 19 दिसंबर को 51, 20 दिसंबर को 29 और 21 दिसंबर को 74 अपराधी गिरफ्तार किए गए। यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा से समझौता करने वाली किसी भी गतिविधि के प्रति शून्य सहिष्णुता (जीरो टॉलरेंस) के सिद्धांत पर जोर देता है। रेलवे सुरक्षा बल की टीमों, जिसमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं, ने आश्चर्यजनक जांच अभियान चलाए, सतर्कता बनाए रखी, और महिलाओं के यात्रियों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई की।

# श्री श्याम दासी मंडल (हावड़ा) के 36वें वार्षिकोत्सव पर बही श्याम रसधारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के रविन्द्र सरणी स्थित ए. जे. एस बैंक्वेट में सोमवार को पूरे दिन बाबा श्याम के नाम की ऐसी धूम मची कि पूरा अंचल श्याममय हो गया। गायत्री देवी जोधानी द्वारा संस्थापित श्री श्याम दासी मंडल (हावड़ा) के 36वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित अखाड़ा बाबा श्याम का में बाबा श्याम के नाम की मस्ती में झूमने नाचने और बाबा श्याम को रिझाने के लिए सुबह से शुरु हुआ भक्तों का आवागमन देर रात तक चलता रहा। ताजा पुष्पों द्वारा सुसज्जित भव्य श्री श्याम दरबार में पार्षद महेश शर्मा, पार्षद मीना देवी पुरोहित, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद विजय ओझा, प्रेम मिलन के चंद्रकांत सराफ, सुरेश भूवालका सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी दरबार में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। बाबा श्याम की नयनाभिराम झांकी के समक्ष सुबह



अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। इस महोत्सव में श्याम गुणगान के लिए कोलकाता-हावड़ा के अनेक श्याम मंडलों ने हाजिरी लगाई। साथ ही, लोकप्रिय भजन प्रवाहिका पटियाला से प्रथम बार आयी साध्वी पूजा सखी ने अपने सुरीले कंठ से श्याम महिमा की रसधारा में श्याम भक्तों को गोते लगवाए। महाआरती तथा महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें संस्था के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

# क्रिसमस पर मेट्रो यात्रियों के लिए तोहफा : देर रात तक चलेगी मेट्रो सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो क्रिसमस के दिन, 25 दिसंबर को पार्क स्ट्रीट और उसके आस-पास के क्षेत्रों में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो सेवाएं देर रात तक चलाएगी। कवि सुभाष से दमदम के लिए अंतिम मेट्रो सेवा रात 11:00 बजे और दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष के लिए अंतिम मेट्रो सेवा रात 10:53 बजे चलेगी। इस दिन, मेट्रो सेवाएं 15:00 बजे से लेकर 20:00 बजे तक 7 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। वहीं, ब्लू लाइन पर मेट्रो सेवाएं सुबह 06:50 बजे से शुरू होंगी और इस दिन कुल 224 सेवाएं (112 अप और 112 डाउन) चलेंगी। पहली सेवा 06:50 बजे नोआपाड़ा से कवि सुभाष तक, 06:50 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक, 06:55 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक, 06:55 बजे महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक चलेंगी। वहीं, अंतिम सेवा 22:53 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक, 22:49 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक, 23:00 बजे कवि सुभाष से दमदम तक चलेंगी। 25 दिसंबर को रात 10:40 बजे की विशेष मेट्रो सेवा ब्लू लाइन पर उपलब्ध नहीं होगी। ग्रीन लाइन-1 पर मेट्रो की 90 सेवाएं (45 अप और 45 डाउन) सुबह 06:55 बजे से लेकर 21:40 बजे तक 20 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि सामान्य रूप से 106 सेवाएं चलेंगी। इस दिन, पहली सेवा 06:55 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5 तक, 07:05 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह तक चलेंगी। वहीं, अंतिम सेवा 21:35 बजे सियालदह से साल्ट लेक सेक्टर-5 तक, 21:40 बजे साल्ट लेक सेक्टर-5 से सियालदह तक चलेंगी। इस दिन ग्रीन लाइन-2, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सामान्य मेट्रो सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्तदान शिविर



**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बड़ोबेलू इलाके में श्रमजीवी अस्पताल के निकट बड़ोबेलू 231, 232 बूथ तृणमूल कांग्रेस कमेटी और तालपुकुर टोटो यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्रमजीवी ब्लड बैंक के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 60 रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उनका रक्त संग्रह किया। रक्तदान का उद्देश्य मानव जीवन की संकट के समय रक्षा करना है। रक्तदान में धर्मनिरपेक्षता की अटूट मिशाल देखने को मिली। सभी धर्म समुदाय के लोगों ने मानव होने का फर्ज अदा करते हुए रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन पयारापुर पंचायत सदस्य मदन बाग के देखरेख में हुआ। इस रक्तदान शिविर में विधायक अरिंदम गुइन, वैद्यवाटी सेवाड़ाफुली शहर तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलेंदु मुखर्जी पयारापुर पंचायत प्रधान शेखर सामुई, ब्लॉक अध्यक्ष मोनी सामुई, सुदर्शन बर समेत पंचायत सदस्य व अन्य गण्यमान्य शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने कहा कि पंचायत सदस्य मदन बाग पैर से चोटिल होने के बादजूद सामाजिक कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है और आम लोगों का हित साधने में लगे रहते हैं।

# खेल हम सभी के जीवन का एक अहम हिस्सा : एनसीसी एडीजी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के प्रतिष्ठित साउथ प्वाइंट हाई स्कूल ने सोमवार को गीतांजलि स्टेडियम में अपना वार्षिक खेल समारोह (एथलेटिक मीट) आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त



महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी शामिल हुए। इस भव्य समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में एडीजी ने स्कूल का झंडा फहराया और औपचारिक मशाल जलाई। इस मौके पर अपने संबोधन में मेजर जनरल त्यागी ने खेल और खेल कौशल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि खेल हम सभी के जीवन का एक आवश्यक हिस्सा है। खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ्य रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही, यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। एडीजी ने आने वाले दिनों में एनसीसी और साउथ प्वाइंट स्कूल के बीच अधिक सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस दौरान एनसीसी कैडेटों व छात्रों ने शानदार मार्च पास्ट भी किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा योग और ड्रिल का शानदार प्रदर्शन किया गया। एडीजी ने स्कूल के विद्यार्थियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि साउथ प्वाइंट स्कूल ने एनसीसी के आदर्शों के प्रति लगातार असाधारण प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। इस मौके पर एडीजी ने प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित भी किया। उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत भी की और उनका मार्गदर्शन किया।

# आरपीएफ पूर्व रेलवे का ऑल इंडिया इंटर रेलवे आरपीएफ फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**❑ पूर्व रेलवे की पुरुष और महिला टीम बनी चैंपियन**

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व रेलवे के आरपीएफ द्वारा आयोजित 32वां पुरुषों और 4वां महिलाओं का ऑल इंडिया इंटर रेलवे आरपीएफ फुटबॉल टूर्नामेंट सोमवार को मल्टी डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मैदान, कांचरापाड़ा (आरपीएफ मैदान) पर संपन्न हुआ। इस समापन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर उपस्थित रहे। अंतिम मैच के बाद महाप्रबंधक ने विजेता टीमों को ट्रॉफियां वितरित की। समापन समारोह में परमशिव, आईजी- सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/ईआर, प्रधान मुख्य अभियंता/ईआर, प्रधान मुख्य संचालन प्रबंधक/ईआर, सियालदह के डीआरएम, मुख्य कार्य प्रबंधक/कांचरापाड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



पुरुषों के 32वें ऑल इंडिया इंटर रेलवे आरपीएफ फुटबॉल टूर्नामेंट में पूर्व रेलवे की पुरुष टीम ने 4-0 से दक्षिण रेलवे को हराकर चैंपियन का खिताब जीता, जबकि आरपीएसएफ ने दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। साथ ही, महिलाओं का 4वां ऑल इंडिया इंटर रेलवे आरपीएफ फुटबॉल टूर्नामेंट भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जोन की टीमों ने अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। पूर्व रेलवे ने चैंपियनशिप जीती, जबकि दक्षिण-पूर्व रेलवे रनर-अप रही। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की श्रेणी में 15 टीमों और महिलाओं की श्रेणी में 02 टीमों ने भाग लिया, जो विभिन्न रेलवे जोनों का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। यह 11 दिवसीय टूर्नामेंट 13 दिसंबर से शुरू हुआ था। समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक ने आरपीएफ कर्मचारियों के लिए नई खरीदी गई 32 सीटों वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# माता-पिता और बहन के हत्यारे गृह शिक्षक को सजा-ए-मौत

## युवक ने 8 नवंबर 2021 को परिवार के तीन सदस्यों की नस और नली काटकर की थी हत्या

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले की चुंचुड़ा कोर्ट ने माता-पिता के हत्यारे को सजा-ए-मौत की सजा का निर्देश दिया है। चुंचुड़ा कोर्ट ने सोमवार को धनियाखाली थानांतर्गत दसघरा गांव के पालपाड़ा के निवासी प्रमथेश घोषाल नाम के एक व्यक्ति को फांसी की सजा का आदेश दिया। बता दें कि उक्त व्यक्ति ने पालपाड़ा में अपने पिता, मां और बहन की नस और गर्दन की नली काटकर बेरहमी से हत्या कर दिया था। कोर्ट ने इस मामले में प्रथमेश को का दोषी करार दिया था। इस दिन, चुंचुड़ा कोर्ट के जज संजय कुमार



शर्मा ने सुनवाई के दौरान दोषी को मौत की सजा सुनाई। पेशे से गृह शिक्षक प्रोमेथेश ने सजा सुनाए जाने के बाद अदालत कक्ष में खड़े होकर न्यायाधीश से रिहाई की अपील की। लेकिन, जज ने याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर, 2021 को प्रमथेश ने धनियाखाली थाना अंतर्गत दसघरा गांव के पालपाड़ा में अपने पिता असीम घोषाल (68), मां शुभ्रा घोषाल (60) और बहन पल्लबी चटर्जी (38) की गला और हाथ की नस काटकर हत्या कर दी थी। लेकिन, तब प्रमिथेश ने भी अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। पुलिस ने लहूलुहान हालत में प्रमिथेश को बचाया और चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया था। उस घटना में प्रमथेश के बहनोई यानी पल्लवी के पति पार्थ चटर्जी ने धनियाखाली थाने में हत्या की शिकायत दर्ज करायी थी। पुलिस ने जांच की और प्रमथेश को गिरफ्तार कर लिया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। हत्या के मामले में लोक अभियोजक शंकर गांगुली ने बताया कि हत्या के मामले में कुल 14 लोगों ने गवाही दी। मुकदमे के दौरान आरोपित जेल में था, हत्या की गंभीरता को देखते हुए न्यायाधीश ने उसे मौत की सजा सुनाई है। पुलिस ने समय पर आर-पे पत्र जमा किया था। मामले पर सरकारी वकील शंकर गंगोपाध्याय ने बताया कि हत्याकांड में कुल 14 लोगों ने गवाही दी। वहीं, इस दिन, फांसी की सजा का ऐलान होते ही कोर्ट परिसर में सनसनी मच गई। सजा के बाद प्रथमेश टूट गया और रोने लगा था लेकिन उसके इस क्रियाकलाप पर कोर्ट ने कोई रहम नहीं दिखाया।

# 'भारतीय संविधान के निर्माता का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' के नारे के साथ तृणमूल ने निकाली रैली

**हुगली, समाज्ञा :** गृह मंत्री अमित शाह के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है, इसको लेकर राजनीति गरमाने लगी है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के बाद अब तृणमूल कार्यकर्ता तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के निर्देश का पालन करते हुए गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन पर उतरे हुए हैं। सोमवार को रिसड़ा शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज साव के नेतृत्व में प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर रिसड़ा नगरपालिका के समक्ष से एक मेगा रैली निकाली गई। रैली रिसड़ा के एनके बनर्जी स्ट्रीट से होते हुए जीटी रोड पहुंची फिर वहां से पद यात्रा करते रिसड़ा के संध्याबाजार इलाके के निकट जीटी रोड पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गई। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा और वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रैली में रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, पार्षद सुख सागर मिश्रा, पार्षद मनोज गोस्वामी, पार्षद साधना सिंह, पार्थ सारथी गुप्ता, उषा देवी साव समेत तमाम पार्षद व तृणमूल के महिला पुरुष युवा कार्यकर्ता शामिल रहे। फिर तृणमूल नेताओं ने बारी बारी से अपने व्यक्तव्य रखे। रिसड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने कहा कि संविधान के निर्माता का अपमान नहीं सहा जा सकता। गृहमंत्री अमित शाह को माफ़ी मांगनी होगी और उन्हें अपना पदत्याग करना होगा। रिसड़ा शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज ने कहा कि जिस तरफ से गृह मंत्री ने बाबा साहेब को लेकर मंतव्य किया है वह सिर्फ




संविधान के निर्माता का ही नहीं समस्त देश का अपमान है। गृह मंत्री अमित शाह बाबा साहेब के लिखे संविधान को मिटाना चाहते हैं। तानाशाही तरीके से भारत का संविधान गढ़ने की मंशा रखते हैं। इसलिए भारत के लोग बाबा साहेब के अपमान को नहीं सहेंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य वास्तुकार माना जाता है। वे संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। संविधान सभा ने 29 अगस्त, 1947 को संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए प्रारूप समिति का गठन किया था।

# कोलकाता और हावड़ा के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रोरो वेसल की शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और हावड़ा के बीच कनेक्शन को बेहतर बनाने और रविंद्र सेतु तथा द्वितीय हुगली सेतु पर भारी वाहनों के दबाव को कम करने के लिए राज्य परिवहन विभाग ने वैकल्पिक परिवहन की योजना बनाई है। इसके तहत रोरो वेसल के माध्यम से मालवाहन ट्रक और अन्य वाहनों को जल्दी गंगा पार कराया जाएगा। सोमवार को शालिमार जेटी घाट पर एक नए रोरो वेसल का उद्घाटन परिवहन मंत्री स्नेहाशिष चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने बताया कि इस वेसल का उपयोग फिलहाल गंगासागर मेले के लिए किया जाएगा, और रायचक से कुमड़ोहाटी तक वाहनों का पारपार कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार, इस रोरो वेसल में एक साथ 6 भारी ट्रक और 50 यात्री पार कर सकते हैं। भविष्य में शालिमार से गार्डनरीच तक इस रोरो वेसल को चलाने की योजना है, इसके लिए पहले ही दो स्थानों पर जेटी घाट बनाने के लिए जगह चिन्हित की जा चुकी है। इस रोरो वेसल को बनाने में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत आई है। परिवहन मंत्री स्नेहाशिष चक्रवर्ती ने कहा कि हावड़ा और कोलकाता को जोड़ने वाले दोनों पुलों पर रोजाना वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है, इसलिए कई नए रूट पर जेटी घाट और पुलों का निर्माण आवश्यक हो गया है। हालांकि, यह एक समयसापेक्ष प्रक्रिया है, इसलिए फिलहाल रोरो वेसल के माध्यम से जल परिवहन को तेज करने की योजना है। मंत्री ने यह भी बताया कि भविष्य में और भी रोरो वेसल बनाने का विचार किया जा रहा है।

# प्रदेश भाजपा में फिर सक्रिय हो रहे पुराने नेता, गुटबाजी खत्म कर ताकत बढ़ाने के लिए दिलीप घोष पर भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा में गुटबाजी और संगठन की स्थिति सुधारने के लिए पार्टी ने फिर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष पर भरोसा जताया है। 2019 के लोकसभा चुनावों में दिलीप घोष के नेतृत्व में बंगाल भाजपा ने रिकॉर्ड 18 सीटें जीती थीं। लेकिन, इसके बाद, उन्हें संगठन में हाशिए पर डाल दिया गया। अब 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने दिलीप घोष को फिर से प्रमुख भूमिका में लाने का निर्णय लिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बंगाल में भाजपा के पुराने नेता और कार्यकर्ता लंबे समय से निष्क्रिय थे। नए और पुराने नेताओं के बीच खींचतान के चलते पुराने नेता पार्टी की मुख्यधारा से दूर हो गए थे। लेकिन, विधानसभा चुनावों के मद्देनजर इन्हें सक्रिय करना अब केंद्रीय नेतृत्व की प्राथमिकता बन गई है। दिलीप घोष के साथ अब पुराने नेता सायंतन बसु और राजू बंद्योपाध्याय भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में दिख रहे हैं। सायंतन और राजू, दिलीप घोष की टीम का अहम हिस्सा थे, लेकिन सुकांत मजूमदार के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद इन्हें हाशिए पर डाल दिया गया। खबरों के मुताबिक, सायंतन को पार्टी से दूर कर दिया गया, जबकि राजू को किसी भी बैठक या कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया। पार्टी अब लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय रहे अन्य पुराने नेताओं जैसे राजकमल पाठक और कई पूर्व जिला अध्यक्षों को भी फिर से मैदान में लाने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने दिलीप घोष को सदस्यता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। वे अपने पुराने अंदाज में 'चाय पर चर्चा' जैसे कार्यक्रमों के जरिए सदस्यता अभियान चला रहे हैं। उत्तर से दक्षिण बंगाल तक के जिलों में वे लगातार सक्रिय हैं। हाल ही में, उन्होंने जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, शिलिगुड़ी और पश्चिम मेदिनीपुर में सदस्यता अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक, 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले दिलीप घोष को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। हालांकि, उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाएगा या नहीं, इस पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। बंगाल भाजपा को उम्मीद है कि पुराने नेताओं की सक्रियता से संगठन मजबूत होगा और आगामी चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी।

# वार्ड 42 में अमित शाह के बयान के विरोध में तृणमूल ने निकाली धिक्कार रैली




**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सांसद अभिषेक बनर्जी, सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय, विधायक विवेक गुप्ता के आवाह्न पर सोमवार को बाबा साहब आंबेडकर के खिलाफ गलत टिप्पणी करने वाले अमित शाह के खिलाफ धिक्कार रैली हर वार्ड में निकाला गया। इसी के तहत वार्ड 42 तृणमूल कांग्रेस यूथ के सभापति दीपक निगानियां, वार्ड 42 तृणमूल कांग्रेस जय हिंद वाहिनी के सभापति शिवशंकर दुबे के नेतृत्व में निकाला गया। इसमें श्याम मिश्रा, लालू मिश्रा, विजय शर्मा, अनिल मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, अमृत पाण्डेय, अजय बोथरा, दीपक सिंह, राजू दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, नागेंद्र शुक्ला, वेदप्रकाश पाण्डेय, मनीष झांझरिया, कृष्ण श्रीवास्तव सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल थे।

# आनन्दसिंधु के समान हैं भगवान श्रीराम : स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती

**कोलकाता, समाज्ञा :** हमें बच्चों का नाम देवी-देवताओं के नाम पर रखना चाहिए। इसी बहाने अपने इष्ट का स्मरण हो जाता है। ब्रह्मनिष्ठ वशिष्ठ ने पुरोहित कर्म इसलिए स्वीकार किया था कि उन्हें भगवान का नाम राम रखने का सौभाग्य मिलने वाला था। वशिष्ठ ने राजा दशरथ से कहा कि आपका ज्येष्ठ पुत्र आनंद सिंधु के समान है, इसलिए इनका राम होगा। जहां कहीं से हमें आनंद मिलता है वह राम के आनंद का अंश है। जो जिसका धर्म है, उससे अलग हो जाता है तो रसहीन हो जाता है। रोटी राम बाबा कहते थे, आनंद की कुंजी तुम्हारे पास है, तुम्हारे अंदर है।आपके हृदय में विराजमान आनंदस्वरूप राम है। परम्परा का पालन करते राम गुरुकुल में अल्प समय में पूरक शिक्षा प्राप्त किए। दुर्भाग्य है आधुनिक शिक्षा जीविकोपार्जन का माध्यम बन गई है। पहले गुरुकुल में जीवन के चारों पुरुषार्थ-धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की शिक्षा दी जाती थी। मेरे गुरुदेव स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज कहते थे, दुनिया में रहना है तो ईश्वर का होकर



जीवन जिओ। जो काम करने से भक्ति बढ़े ,वही काम करना चाहिए। जगदम्बा जानकी जानती थी कि राम भगवान है, पर कभी -कभी प्रेम अत्यधिक होता है तो ऐश्वर्य छिप जाता है। ये बातें महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिविनिटी पवेलियन सभागार (श्रीभूमि, लेकटाउन) में कही। कथा के दौरान धूमधाम से सीताराम विवाह का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी मुक्तानन्दजी महाराज (अलवर) भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान ओम-सुमन जालान, दैनिक यजमान भगवान दास अग्रवाल, सीताराम विवाह के यजमान अनिल-ममता केडिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर सर्वश्री विश्वनाथ सेकसरिया, मुरारीलाल दीवान, सत्यनारायण देवरालिया, रमेश सोंथलिया, रमेश केडिया, रामस्वरूप अग्रवाल, पशुपति सराफ, गोपीकिसन केडिया, मुरारी केडिया, अमित केडिया, सुशील पोद्दार, पवन जालान, अशोक अग्रवाल, विजय अग्रवाल, महेश भुवालका, मनमोहन चौधरी, शंकर अग्रवाल ने आरती-पूजन किया। आयोजन व्यवस्था में सर्वश्री निर्मल सराफ, श्यामसुन्दर अग्रवाल, अशोक चूड़ीवाल, जुगल जाजोदिया, निरंजन कुमार अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, महावीर सांवरिया, विजय डोकानिया, कैलाश कयाल, लक्ष्मण अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल तथा महिला समिति की सुमन जालान, सरिता सराफ, बीना चूड़ीवाल आदि सक्रिय थे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

# बीबीडी बाग में बहुमंजिली इमारत से गिरकर बुजुर्ग की मौत



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के बीबीडी बाग इलाके में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक बुजुर्ग ने बहुमंजिली इमारत से छलांग लगा दी। गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग के ऊंचाई से गिरने की वजह से नेताजी सुभाषचंद्र रोड से सटे फुटपाथ का एक हिस्सा भी टूट गया। मृतक की पहचान किशोरकुमार डागा (68)के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही हेयर स्ट्रीट थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह घटना आत्महत्या का मामला है या किसी दुर्घटना का परिणाम। फिलहाल पुलिस उनके परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की सटीक वजह का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच जारी है।

# पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने कचरे को कार्यस्थल समाधान में बदलने की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने कार्यस्थल सुरक्षा को सुधारने और संचालन में सुगमता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का नेतृत्व वरिष्ठ डिवीजनल ऑपरेशंस मैनेजर पंकज यादव और सियालदह के डीआरएम दीपक निगम के मार्गदर्शन में किया गया है। डिवीजन ने पहले से इस्तेमाल में न आने वाले एस एंड टी विभाग के पुराने बॉक्सों को फिर से उपयोग में लाने का प्रयास किया है। इन्हें आवश्यक टूल्स जैसे स्किड्स, चेन, लकड़ी के वेज, आयरन स्किड्स, क्लैंप्स और पैडलॉक्स से सुसज्जित किया गया है। यह पहल एस एंड टी, इंजीनियरिंग और मैकेनिकल विभागों के सहयोग से की गई है और इसका



उद्देश्य मुख्य रूप से रेलवे याड्र्स में काम कर रही महिला कर्मचारियों को लाभ पहुंचाना है। इन तैयार टूलबॉक्स को यार्ड में रणनीतिक स्थानों पर रखा गया है ताकि महिला कर्मचारियों को भारी औजारों को उठाने की आवश्यकता न पड़े, जिससे उनका शारीरिक बोझ कम हो और कार्यस्थल पर एक समावेशी और सहायक वातावरण बने। साथ ही, इससे संचालन की दक्षता भी बढ़ेगी, क्योंकि आवश्यक टूल्स कार्य स्थल पर तुरंत उपलब्ध रहेंगे। सियालदह डिवीजन ने पहले ही सियालदह, चितपुर और बजबज याड्र्स में इन टूलबॉक्सों को स्थापित कर दिया है और इस पहल को पूरे डिवीजन में फैलाने की योजना बनाई है।

# तीन दिवसीय नेटवर्किंग महाकुंभ 'व्यापार जोन एक्सपो- 2024' हुआ सफलतापूर्वक संपन्न







**कोलकाता, समाज्ञा :** व्यापार जोन एक्सपो 2024 सफल रूप से संपन्न हो गया है। इसका तीन दिवसीय भव्य आयोजन का शुभारंभ 20 दिसंबर को हुआ, जो 22 दिसंबर तक चला। इसके उद्घाटन समारोह में प्रमुख विभूतियों ने दीप जलाया, विवेक गुप्ता, मैथन एलॉयज लिमिटेड के चेयरमैन और सीएआईटी के उप कार्यकारी चेयरमैन शुभाष अग्रवाल, डकबैक के चेयरमैन ओम प्रकाश सक्सेना, साबुरी प्लाइवुड के प्रबंध निदेशक अंकित मूनका और व्यापार जोन के सह-संस्थापक नितिन अग्रवाल और मनमोहन बागरी शामिल थे। पहले दिन एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध उद्यमी अशनीर ग्रोवर ने व्यवसाय वृद्धि और ब्रांड निर्माण पर अपने अनुभव साझा किए। इस सत्र का संचालन मोहित साव, चेयरमैन, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्ट्रीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने किया। दूसरे दिन, केवल किशन, भारत के प्रमुख व्यवसाय स्वचालन कोच, ने व्यवसाय स्वचालन पर एक सशक्त सत्र आयोजित किया। जिसमें उन्होंने व्यवसायी को ऑपरेशनल दक्षता बढ़ाने और वृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियां दीं। एक्सपो में 30 हजार से अधिक आगंतुक शामिल हुए और नवाचारी उत्पादों का लांच किया गया। कार्यक्रम में कई प्रमुख व्यावसायिक नेता भी उपस्थित थे, जिनमें नंदलाल रुइंगता (रुइंगता माइनस लिमिटेड), समीर सक्सेना (डकबैक), राम कृष्णा जायसवाल (मालदीव कांसुलेट) और संजय पोद्दार (कॉर्पोरेट गिफ्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया), अजीत जैन, (पूर्व अध्यक्ष-एबीआईडी), दीप शर्मा, (निदेशक - गोल्डन रिफ्रिजरेशन), रवींद्र तंतिया, (उपाध्यक्ष - कॉर्पोरेट गिफ्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया), संतोष लाहोटी, (संस्थापक-महेश्वरी इंटरनेशनल बिजनेस फोरम), एस. रॉय, (उप निदेशक - एमसीसीआई), अविषेक औद्दी, (निदेशक-पी.सी. चंद्रा ग्रुप और अध्यक्ष-बंगाल बिजनेस काउंसिल), सुबाशीस दत्ता, (महासचिव-बंगाल बिजनेस काउंसिल), सिद्धि जैन, (सचिव-कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) सहित अन्य शामिल हुए। दूसरे दिन, डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स रुझान और सतत व्यवसाय प्रथाओं पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं, और एक समर्पित नेटवर्किंग सत्र में स्टार्टअप्स और निवेशकों के बीच सहयोग के मौके मिले। एक्सपो का समापन 22 दिसंबर 2024 को भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। व्यापार एक्सपो 2.0 की तारीखें 30 जनवरी, 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 घोषित की गई हैं।

राष्ट्र प्रथम,
सदैव प्रथम
-अश्विनी वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल कर्मयोगियों से कहा: 4 रिक्वेस्ट करता हूं कि आप सेफ्टी, मेंटेनेंस, क्वालिटी और ट्रेनिंग पर अभी से तीन गुना ज्यादा फोकस कीजिए।

रेल कर्मियों से तीन गुना काम करने का आह्वान

उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु पुरस्कृत किए गए 101 रेलकर्मी



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत मंडपम में जब राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम का आह्वान करते हुए रेल कर्मियों से तीन गुना मेहनत करने का अनुरोध किया तो सभी उपस्थित रेल कर्मियों ने करतल ध्वनि से मंत्री अश्विनी वैष्णव का समर्थन किया और सुरक्षा, संरक्षा, इनोवेशन एवं समर्पण का संकल्प लेते हुए बेहतरीन तरीके से कार्य निष्पादन का संकल्प लिया। मौका था अखिल भारतीय स्तर पर दिए जा रहे अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का जिसमें अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हर फिल्ड में उत्कृष्टता को बनाए रखना तथा सेफ्टी पर जीरो टॉलरेंस हर रेलकर्मी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे गरीबों और मध्यम वर्ग की सवारी है। रेलवे देश की जीवन रेखा है। उन्होंने रेल को उत्कृष्टता का प्रतीक बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से वंचितों की कुशलता और देखभाल के साथ सेवा करते हुए अद्वितीय टीमवर्क और अथक प्रयास करने का आह्वान किया।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 101 रेल अधिकारियों को 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार तथा विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 मंडलों को शील्ड प्रदान की। इस समारोह में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेल मंडलों एवं उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।



पुरस्कार और शील्ड प्रदान करने के बाद उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्यों और प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेल में हुई परिवर्तनकारी प्रगति को रेखांकित किया। उन्होंने निर्माण की तीव्र गति, कश्मीर से कन्याकुमारी रेल लिंक जैसी परियोजनाओं को पूरा करने और लंबित पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी पहलों पर जोर दिया। 2025 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य के साथ विद्युतीकरण के प्रयासों में तेजी आई है, जबकि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने रफ्तार पकड़ी है। कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। रेल मंत्री वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, गंभीर दुर्घटनाओं के मामलों में पर्याप्त कमी (345 से 90 तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, 1.5 लाख पदों को भरने को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की दिशा में उठाए गए कदमों ने सराहना बटोरी है, जिसमें विपक्षी नेताओं द्वारा की गई प्रशंसा भी शामिल है, तथा एक नया सुपर ऐप जल्द ही यात्रियों के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है।



रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ श्री सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में भारत में रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय यात्रा के अनुभव के साथ-साथ किफायती रेल सेवाएं प्रदान करने की भारतीय रेल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नई दिल्ली में प्रगति मंडपम में हिंदी में सभा को संबोधित करते हुए सीआरबी ने कहा कि गति, आराम और सुरक्षा के सिद्धांतों में उत्कृष्टता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हम यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अत्याधुनिक तकनीक को शामिल कर रहे हैं। सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने सतर्कता की संस्कृति विकसित करने के लिए रेल अधिकारियों की प्रशंसा की।

श्री वैष्णव ने सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण में प्रयासों को तीन गुना बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जमीनी स्तर से फीडबैक को शामिल करते हुए रखरखाव में नवाचार पर महत्वपूर्ण रुप से ध्यान देने की घोषणा की, जिसमें उद्योग सहकारिता, उन्नत निरीक्षण प्रणालियां तथा अधिकारियों और तकनीशियनों के लिए बेहतर प्रशिक्षण शामिल है। जीरो डिरेलमेंट ज़ोन जैसी पहलों को शील्ड और वित्तीय पुरस्कारों से पुरस्कृत किए जाने सहित सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक, नीतिगत सुधारों और संरचनात्मक परिवर्तनों के एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने अगले साल से उत्कृष्ट एसएमक्यूटी (सर्वाधिक सुरक्षित, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण) प्रथाओं के माध्यम से रेलवे की कार्य संस्कृति में उत्कृष्टता लाने के लिए शील्ड के साथ वित्तीय पुरस्कारों की भी घोषणा की।





अमृत भारत स्टेशन जैसी परियोजनाएं लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी ढांचे सहित विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ स्टेशनों को बदल रही हैं। श्री कुमार ने रेलवे के भीतर बेजोड़ टीमवर्क की सराहना करते हुए इसे अपने संचालन का सबसे महत्वपूर्ण भाग करार दिया और बड़े पैमाने पर परियोजनाओं को क्रियान्वित करने में सच्चे नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित किया। सभी को एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने भविष्य के मानक निर्धारित करते हुए समकालीन मांगों को पूरा करने के लिए आधुनिकीकरण और सुरक्षा के रेलवे के मिशन को दोहराया। उन्होंने कहा कि रेलवे निर्बाध गति, आधुनिकीकरण और भारत के लोगों की सेवा के प्रति समर्पण के माध्यम से उत्कृष्टता और प्रगति का प्रतीक है।



भारतीय रेल द्वारा हर साल अपने कर्मचारियों को अति विशिष्ट रेल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार दो श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं, व्यक्तिगत पुरस्कार, साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे मंडल को शील्ड प्रदान की जाती है। व्यक्तिगत पुरस्कार भारतीय रेल को अधिक कुशल, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल संगठन बनाने की दिशा में रेल कर्मियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और असाधारण योगदान की सराहना करने और जश्न मनाने के मंच का कार्य करते हैं। विभिन्न श्रेणियों में शील्ड पुरस्कार भारतीय रेल के समग्र प्रदर्शन में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रदान किए जाते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार में सड़क हादसे में दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत

**पूर्णिया :** बिहार के पूर्णिया जिले के धमदाहा इलाके में एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े कई लोगों को रौंद दिया जिससे दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात करीब आठ बजे ढोकवा गांव में हुई। धमदाहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप गोल्डी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चालक वाहन लेकर फरार हो गया... दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 11 घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान तीन और लोगों ने दम तोड़ दिया।' मृतकों की पहचान ज्योतिष ठाकुर (50), संयुक्ता देवी (45), अखिलेश (11) और अमरदीप (छह) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मृतक की पहचान करने का प्रयास जारी है। अधिकारी ने कहा कि वाहन चालक का पता लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### हत्या के दोषी दो व्यक्तियों को उम्रकैद

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक अदालत ने हत्या के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) संजय मिश्रा ने बताया कि छह दिसंबर 2009 को जिले के पिपरी थाने में बांकेलाल ने सूचना दी थी कि उसके भाई प्रेमचंद (42) की अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। मिश्रा के मुताबिक, इस संबंध में पिपरी थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आए आरोपियों-पंचम लाल और सुंदर लाल को गिरफ्तार कर अदालत में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। मिश्रा के अनुसार, अपर जिला न्यायाधीश बृजेश कुमार यादव की अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई और पंचम लाल पर 30,000 रुपये, जबकि सुंदर लाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया।

# श्रद्धालुओं को कॉरिडोर से प्रयागराज की झांकी देखने को मिलेगी : योगी



**महाकुंभनगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के बाद सोमवार को कहा कि महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को संगम का सानिध्य तो हासिल होगा ही, उन्हें पहली बार कॉरिडोर के माध्यम से प्रयागराज की झांकी देखने को भी मिलेगी। महाकुंभनगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, अक्षयवट कॉरिडोर का प्रधानमंत्री के कर कमलों से उद्घाटन हो चुका है। श्रद्धालुओं को लेटे हुए हनुमान जी कॉरिडोर को भी पहली बार देखने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही सरस्वती कूप कॉरिडोर, पाताल कूप कॉरिडोर, महर्षि भरद्वाज कॉरिडोर और शृंगवेरपुर में भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा, टेंट सिटी का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण 20,000 श्रद्धालुओं और 5,000 विशिष्ट जनों के लिए टेंटे का निर्माण कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, 20,000 से अधिक संतों, संगठनों और अन्य संस्थाओं का पंजीकरण करते हुए उन्हें भूमि आवंटन कर दिया गया है। इसमें सभी 13 अखाड़े, दंडी बाड़ा और आचार्य बाड़ा के साथ प्रयागवाल सभा शामिल हैं। उन्होंने कहा, नयी संस्थाओं को हर हाल में पांच जनवरी तक भूमि आवंटित करने का लक्ष्य है। भूमि और सुविधाओं के लिए प्रदेश सरकार ने पर्याप्त व्यवस्था की है। मेला क्षेत्र में 250 'साइनेज' (मार्ग सूचक), जबकि शहर में 651 स्थानों पर 'साइनेज' लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार पांटून पुल की संख्या 22 से बढ़ाकर 30 की गई है, जिसमें से 20 पांटून पुल पूरी तरह से तैयार हैं, जबकि बाकी का निर्माण कार्य 30 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 651 किलोमीटर क्षेत्र में 'चकर्ड प्लेट' बिछनी है, जिसमें से अब तक 330 किलोमीटर क्षेत्र में यह बिछाई जा चुकी है। योगी ने कहा, यहां गंगा जल शुद्ध है और स्नान एवं आचमन के लायक है।

### किसी को भारत का सच्चा दर्शन करना हो, तो महाकुंभ में आए : अनिल

**प्रयागराज :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल जी ने सोमवार को कहा कि भारतीय समाज में समरसता हमेशा से विद्यमान रही है और अगर किसी को भारत का सच्चा दर्शन करना हो, तो उसे महाकुंभ में जरूर आना चाहिए। प्रयागराज में एएमए के सभागार में सामाजिक समरसता : भारतीय परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अनिल ने कहा, समरसता केवल भाषण का विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। भारत को एकता के सूत्र में बांधे रखने के लिए हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं को पुनः आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा, आज कुछ राजनीतिक दल जातीय विद्वेष फैलाकर लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। विदेशी शक्तियां भी भारतीय समाज को तोड़ने के लिए ऐसी संस्थाओं को पोषित कर रही हैं और सोशल मीडिया के युग में इन विघटनकारी ताकतों को बढ़ावा मिल रहा है।

## वसुंधरा राजे गैस टैंकर हादसे के पीड़ितों से मिलीं



**जयपुर :** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद हनुमान बेनीवाल ने सोमवार को जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में गैस टैंकर हादसे में घायल लोगों के परिजनों से मुलाकात की। राजे ने एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी के कक्ष में पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ जयपुर की सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद थीं। नागौर से सांसद बेनीवाल ने भी एसएमएस अस्पताल पहुंचकर डॉ. भाटी से उपचाराधीन लोगों के बारे में जानकारी ली। संवाददाताओं से बातचीत में बेनीवाल ने कहा कि ऐसी घटनाएं लापरवाही का नतीजा हैं और जवाबदेही तय होनी चाहिए। राजस्थान के नागरिक सुरक्षा व पंचायती राज मंत्री ओटाराम देवासी ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। डॉ. भाटी ने बताया कि घटना में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से 12 के शव पहचान के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं, जबकि एक शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, 23 लोगों का इलाज जारी है, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। राजस्थान मानवाधिकार आयोग ने घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, परिवहन आयुक्त, जिला अधिकारी, पुलिस आयुक्त और राजमार्ग प्राधिकरण अध्यक्ष को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## मुजफ्फरनगर में 32 साल से बंद शिव मंदिर को दोबारा खोला गया



**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** अयोध्या में वर्ष 1992 में विवादित ढांचा ध्वस्त किये जाने के बाद से ही यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र लद्दावाला में बंद पड़े एक शिव मंदिर को 32 साल बाद मंत्रोच्चार और हवन कर सोमवार को फिर से खोल दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने सोमवार को यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंदिर में सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर में दर्शन पूजन किया। इससे पहले स्थानीय मुसलमानों ने स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं के जुलूस का स्वागत किया और मंदिर की गली में पुष्प वर्षा की। स्वामी यशवीर के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं ने मंदिर शुद्धिकरण समारोह शुरू किया और शिव मंदिर में हवन पूजा की।

## महाकुंभ: श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे 50,000 पुलिसकर्मी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने सोमवार को कहा कि महाकुंभ मेला 2025 में आतंकी खतरों, साइबर हमलों, हमलावर ड्रोन और मानव तस्करी से निपटने के लिए प्रयागराज में 50,000 पुलिसकर्मियों की एक मजबूत टीम तैनात की जाएगी। हर 12 साल में होने वाला महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। महाकुंभ में करीब 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। उप्र के डीजीपी कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि वह सुरक्षित कुंभ के लिए व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा उपायों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशांत कुमार ने कहा कि यह कुंभ वास्तव में डिजिटल होगा, जिसमें पुलिस बल आधुनिक तकनीकों जैसे एआई सक्षम कैमरे ड्रोन का प्रयोग करने के अलावा हमलावर ड्रोन का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए प्रभावी रणनीति का उपयोग करेगा। साइबर अपराधों में वृद्धि के बीच पुलिस तीर्थयात्रियों को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए सभी उपाय कर रही है। डीजीपी ने कहा, महाकुंभ से पहले पुलिस बल ने 'फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन' से निजी विशेषज्ञों की एक टीम को काम पर रखा है और साइबर धोखाधड़ी और अपराधों से तीर्थयात्रियों को बचाने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ गठजोड़ किया है। उन्होंने कहा हमने पहली बार महाकुंभ क्षेत्र में एक साइबर पुलिस स्टेशन स्थापित किया है। हमने साइबर गश्त और साइबर सुरक्षा नेटवर्क का विश्लेषण करने के लिए 'आईफोरसी' और 'सर्ट-इन' जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों को शामिल किया है। वे डेटा सुरक्षा पर भी काम करेंगी। पुलिस की तैनाती के बारे में पूछे जाने पर, कुमार ने कहा कि इस बार लगभग 50,000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर होंगे, जो 2019 में पिछले कुंभ की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक हैं।

## संभल में धार्मिक स्थल पर एक और कुआं मिला

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शहजादी सराय स्थित क्षेम नाथ तीर्थ में बंद पड़ा एक कुआं मिला है, जिसमें स्वच्छ जल भी मौजूद है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यह कुआं रविवार शाम मिला। अधिकारी के मुताबिक, तीर्थ स्थल के प्रबंधन से जुड़े लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुट गए हैं। संभल की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमें क्षेम नाथ तीर्थ में कुआं मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। क्षेम नाथ तीर्थ के लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने की कोशिश रहे हैं। क्षेम नाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ ने पत्रकारों को बताया कि यहां मौजूद एक प्राचीन कूप, जिसे वर्षों पहले ढक दिया गया था, उसे खोला गया है और उसमें लगभग आठ फुट की गहराई पर पानी मिला है। दीनानाथ ने कहा, इस प्राचीन कूप में स्वच्छ पानी मिलना वास्तव में दैवीय कृपा है।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान के कोटपूतली में बच्ची बोरवेल में गिरी, बचाव कार्य जारी

**जयपुर :** राजस्थान के कोटपूतली जिले के सरुंड थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बच्ची बोरवेल में गिर गई। बच्ची को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। थानाधिकारी मोहम्मद इमरान ने बताया कि कितरपुरा इलाके में भूपेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति के खेत में उसकी साढ़े तीन साल की बच्ची चेतना फिसलकर बोरवेल में गिर गई। इमरान के मुताबिक, बोरवेल की गहराई करीब 150 फुट है और बच्ची को सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि बोरवेल खुला पड़ा था और उसके अंदर से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दे रही है। इमरान के अनुसार, राज्य आपदा प्रबंधन बल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें मौके पर पहुंच रही हैं। राजस्थान के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बच्ची के बोरवेल में गिरने की घटना पर दुख जताते हुए संबंधित अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। राठौड़ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कोटपूतली में तीन साल की चेतना बिटिया के बोरवेल में गिरने की घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। संबंधित अधिकारियों से बिटिया के सफल बचाव के लिए बातचीत की। ईश्वर से उसकी सकुशल वापसी की प्रार्थना की।'

### महाकुंभ: श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात किए जाएंगे 50,000 पुलिसकर्मी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने सोमवार को कहा कि महाकुंभ मेला 2025 में आतंकी खतरों, साइबर हमलों, हमलावर ड्रोन और मानव तस्करी से निपटने के लिए प्रयागराज में 50,000 पुलिसकर्मियों की एक मजबूत टीम तैनात की जाएगी। हर 12 साल में होने वाला महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। महाकुंभ में करीब 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। उप्र के डीजीपी कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए गए एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि वह सुरक्षित कुंभ के लिए व्यक्तिगत रूप से सुरक्षा उपायों की निगरानी कर रहे हैं। प्रशांत कुमार ने कहा कि यह कुंभ वास्तव में डिजिटल होगा, जिसमें पुलिस बल आधुनिक तकनीकों जैसे एआई सक्षम कैमरे ड्रोन का प्रयोग करने के अलावा हमलावर ड्रोन का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने के लिए प्रभावी रणनीति का उपयोग करेगा।

### हिंसा के दृश्य को 'रीक्रिएट' करने के लिए संभल पहुंची एफएसएल टीम

**संभल (उप्र) :** संभल जिले में पिछली 24 नवंबर को हुई हिंसा के दृश्य को 'रीक्रिएट' करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की एक टीम सोमवार को यहां पहुंची। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि 24 नवंबर को हुई हिंसा की तफ्तीश के दौरान विभिन्न जांच अधिकारियों की टीम ने उन परिस्थितियों और 'क्राइम सीन' को फिर से बनाया, जिनमें गोलियां चलने से चार लोगों की मौत हो गयी थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए एफएसएल लखनऊ के निदेशक को पत्र लिखा गया था। उसी के क्रम में यह टीम आई है। संभल में पिछली 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी।

### अगरबत्ती की चिंगारी से लगी आग, दो सगे भाइयों की झुलसकर मौत

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी क्षेत्र में मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती की चिंगारी से लगी आग में दो सगे भाइयों की झुलसकर मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त सूर्य बली मौर्य ने सोमवार को बताया कि यह घटना लोनी थाना क्षेत्र स्थित प्रशांत विहार में 21/22 दिसंबर की दरमियानी रात को हुई। उन्होंने बताया कि अरुण (16) और विष्णु (14) अपने कमरे में, जबकि उनके माता-पिता संतोष और नीरज दूसरे कमरे में सो रहे थे, तभी दोनों बच्चों ने मच्छर काटने की शिकायत की, जिसके बाद संतोष ने मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जलाकर उनके बिस्तर के नीचे रख दी। मौर्य के मुताबिक, देर रात करीब ढाई बजे कमरे से आग की लपटें उठती देख नीरज और संतोष ने उन पर काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि शोरगुल सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर दाखिल हुए, लेकिन तब तक अरुण और विष्णु बुरी तरह से झुलस चुके थे। मौर्य के अनुसार, दोनों बच्चों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



## व्रत - त्यौहार

25.12.2024 : क्रिसमस डे, बड़ा दिन
26.12.2024 : सफला एकादशी व्रत सबका
28.12.2024 : शनि प्रदोष व्रत
29.12.2024 : मास शिवरात्रि
31.12.2024 : स्नान-दान-श्राद्ध की अमावस्या

## साल 2024 खत्म होने से पहले कर लें ये एक काम

हिंदू धर्म में कुबेर महाराज को धन के देवता कहा गया है, वह सुख-सौभाग्य के प्रतीक है। मान्यता है कि रोजाना कुबेर महाराज की पूजा करने से साधक की आर्थिक स्थिति में सुधार आता है, साथ ही घर में बरकत होती हैं।

धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक अगर कुबेर महाराज की उपासना विधिनुसार की जाए, तो जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती हैं। वहीं, साल 2024 के समापन से पहले उनकी आराधना करना और भी लाभकारी हो सकता है। दरअसल, साल 2024 समाप्त होने में कुछ दिन बाकी हैं, यह सभी दिन धार्मिक दृष्टि से बेहद खास है। माना जा रहा है कि साल समाप्ति में किए गए कार्यों का प्रभाव नववर्ष की शुरुआत पर अवश्य पड़ता है। ऐसे में अगर भगवान कुबेर की पूजा की जाए, तो नए साल की शुरुआत बेहतर हो सकती है।



वास्तु के अनुसार साल खत्म होने से पूर्व घर में भगवान कुबेर की मूर्ति या तस्वीर रखने से घर में सकारात्मकता आती हैं। इस दौरान कुबेर चालीसा का पाठ करना न भूलें। कहते हैं कि नियमित रूप से कुबेर चालीसा का पाठ करने से जीवन में धन, सुख, और समृद्धि का वास होता है।

## कब है महाकुंभ का पहला शाही स्नान, क्या है इसके नियम और शुभ मुहूर्त?

महाकुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। इसका आयोजन प्रमुख रूप से चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में होता है। इस महापर्व का साधु-संतों और श्रद्धालुओं द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करने से व्यक्ति को अपने जीवन के पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही, यह आत्मा और शरीर की शुद्धि का भी मार्ग माना जाता है।

2025 में महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसका धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। प्रयागराज को इसलिए विशेष माना जाता है क्योंकि यहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों का संगम होता है, जिसे 'त्रिवेणी संगम' कहा जाता है। इस संगम में स्नान करने का विशेष महत्व है, और इसी कारण महाकुंभ का आयोजन यहां भव्य तरीके से किया जाता है। महाकुंभ के दौरान सबसे महत्वपूर्ण परंपराओं में से एक है शाही स्नान। इस स्नान के दौरान अखाड़ों के साधु-संत विशेष शोभायात्रा के साथ संगम तक पहुंचते हैं और श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र बनते हैं।



शाही स्नान की परंपरा में सबसे पहले साधु-संत स्नान करते हैं, इसके बाद आम श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि महाकुंभ के समय ग्रहों और नक्षत्रों की विशेष स्थिति के कारण संगम का जल चमत्कारी गुणों से भर जाता है। इसी वजह से शाही स्नान को अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है।

2025 के महाकुंभ में पहला शाही स्नान पौष पूर्णिमा के दिन होगा। पंचांग के अनुसार, पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 को सुबह 5:03 बजे से शुरू होकर 14 जनवरी को रात 3:56 बजे तक रहेगी। इस दौरान स्नान के शुभ मुहूर्त निम्नलिखित हैं:

**ब्रह्म मुहूर्त:** सुबह 5:27 से 6:21 तक

**विजय मुहूर्त:** दोपहर 2:15 से 2:57 तक

**गोधूलि मुहूर्त:** शाम 5:42 से 6:09 तक

**निशिता मुहूर्त:** रात 12:03 से 12:57 तक

### शाही स्नान के नियम

शाही स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को कुछ विशेष नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। स्नान के समय साबुन या शैंपू का उपयोग वर्जित है क्योंकि इसे पवित्र जल को अशुद्ध करने वाला माना जाता है। स्नान के बाद श्रद्धालु अपनी श्रद्धा के अनुसार गरीबों को दान करते हैं, जिसमें अन्न, वस्त्र और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल होती हैं। दीपदान का भी विशेष महत्व होता है, जिसे पुण्यदायी माना गया है।

महाकुंभ न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का संगम भी है। यह आयोजन दुनिया भर के श्रद्धालुओं को एक मंच पर लाता है, जहां वे आस्था, भक्ति और सेवा के इस महापर्व में सहभागी बनते हैं।

## साल की आखिरी एकादशी पर श्री हरि को लगाएं इन पांच चीजों का भोग, हर इच्छा होगी पूरी

हर साल सफला एकादशी का व्रत पौष माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर रखा जाता है, इस साल 26 दिसंबर 2024 को सफला एकादशी का व्रत रखा जा रहा है, इसे पौष कृष्ण एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से साधक के भाग्य में वृद्धि होती है, इतना ही नहीं विवाह में आ रही बाधाएं भी समाप्त होती हैं।

हिंदू धर्म में सफला एकादशी को सफलता से जोड़ा जाता है, कहते हैं कि इस दिन उपवास रखने पर लंबे समय से अटके कार्य पूरे होने के योग बनते हैं। पंचांग के अनुसार सफलता एकादशी साल 2024 की अंतिम एकादशी है, इस तिथि पर सुकर्मा और धृति योग का संयोग बन रहा है, इस योग में श्री हरि विष्णु जी को कुछ खास चीजों का भोग लगाने से साधक को ऐश्वर्य की प्राप्ति होती हैं, और संसार में भी मान-सम्मान मिलता है, ऐसे में आइए भगवान विष्णु के प्रिय भोग के बारे में जानते हैं।

### केले का भोग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को पीला रंग बेहद प्रिय है, ऐसे में सफला एकादशी के दिन उन्हें केले का भोग लगाएं। मान्यता है कि केले का भोग लगाने से वह प्रसन्न होते हैं और साधक की सभी समस्याएं दूर करते हैं।

### धनिया की पंजीरी

सफला एकादशी के दिन कई शुभ योग का निर्माण हो रहा है, ऐसे में उन्हें धनिया की पंजीरी का भोग लगाना कल्याणकारी हो सकता है। माना जाता है कि पंजीरी के भोग से भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी दोनों प्रसन्न होते हैं और वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर करते हैं।

### पीले रंग की मिठाई

सफला एकादशी पर आप भगवान विष्णु को पीले रंग की मिठाई जैसे, बेसन के लड्डू, पेड़ा, बर्फी आदि का भोग



लगा सकते हैं, यह बहुत शुभ होता है।

### पंचामृत का भोग

धार्मिक ग्रंथों में पंचामृत को ईश्वर का दिव्य प्रसाद माना जाता है, भगवान विष्णु की पूजा में इसका उपयोग अवश्य करना चाहिए। मान्यता है कि पंचामृत ( दूध, दही, घी, शहद और शक्कर) का भोग लगाने से साधक के सुख में वृद्धि होती हैं।

### केसर का हलवा

हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को केसर का हलवा अति प्रिय है, इसका भोग लगाने पर साधक के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। साल 2024 की आखिरी एकादशी यानी सफला एकादशी पर आप केसर के हलवे का भोग विष्णु जी को लगा सकते हैं, इससे कार्य में मनचाहे परिणामों की प्राप्ति हो सकती हैं।

## सोमवती अमावस्या पर राशिनुसार करें भगवान शिव का अभिषेक

ज्योतिषियों के मुताबिक सोमवती अमावस्या साल 2024 की आखिरी अमावस्या है, इस तिथि पर वृद्धि योग बन रहा है, जो रात 8 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। इस योग में महादेव का अभिषेक करने पर विवाह, कार्य, बिजनेस आदि में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं। ऐसे में आप अपनी राशि के अनुसार भी महादेव का अभिषेक कर सकते हैं, आइए इसके बारे में जानते हैं।

**मेष राशि**

ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार मेष राशि के लोगों को गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए, इससे सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती हैं।

**वृषभ राशि**

इस राशि के लोगों को गंगाजल में दूध मिलाकर अभिषेक करना चाहिए, यह बहुत शुभ होता है। मान्यता है कि गंगाजल में दूध मिलाकर अभिषेक करने पर वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होती हैं।

**मिथुन राशि**

साल की आखिरी सोमवती अमावस्या पर आप दूध में दूर्वा मिलाकर महादेव का अभिषेक करें, इससे महादेव प्रसन्न हो सकते हैं।

**कर्क राशि**

कर्क राशि वालों को दही से महादेव का अभिषेक करना चाहिए, इससे कार्यों में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं। माना जाता है कि दही से अभिषेक करने पर रोजगार की तालाश कर रहे लोगों को किसी नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं।

**सिंह राशि**

ज्योतिष गणना के अनुसार सिंह राशि के लिए सोमवती अमावस्या का दिन बेहद शुभ है। इस राशि के लोगों को गंगाजल में लाल फूल डालकर महादेव का अभिषेक करना चाहिए, इससे मनचाहा वर पाने की कामना पूरी हो सकती हैं।

**कन्या राशि**

आप गंगाजल में दूर्वा मिलाकर भोलेनाथ का अभिषेक करें, इससे प्रेम जीवन जी रहे जातकों का रिश्ता विवाह में बदल सकता है।

**तुला राशि**

तुला राशि के लोग पंचामृत से शंकर जी का अभिषेक करें, इससे करियर में किए गए प्रयासों का फल प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक राशि**

साल की आखिरी अमावस्या पर आप दूध में शहद मिलाकर शिव जी का अभिषेक कर सकते हैं। मान्यता है कि इससे कारोबार में लाभ की प्राप्ति हो सकती हैं।

**धनु राशि**

साल की आखिरी अमावस्या पर आप दूध में केसर मिलाकर महादेव का अभिषेक कर सकते हैं, इससे मन में सभी तरह के डर भय समाप्त होते हैं।

**मकर राशि**

मकर राशि के लोग गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक कर सकते हैं, यह बहुत शुभ माना जाता है।

**कुंभ राशि**

आप साल की अंतिम अमावस्या पर नारियल के जल से महादेव का अभिषेक करें, इससे विवाह में आ रही बाधाएं समाप्त होती हैं।

**मीन राशि**

मीन राशि के लोग गन्ने के रस से महादेव की अभिषेक कर सकते हैं, इससे करियर में मनचाहे परिणामों की प्राप्ति हो सकती हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गुरुग्राम से 21 साइबर अपराधी गिरफ्तार, देशभर में 125 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप

**गुरुग्राम :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे गुरुग्राम में 21 कथित साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है जिनपर देशभर में लोगों से करीब 125 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। गुरुग्राम साइबर पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) प्रियांशु दीवान ने बताया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से डेटा की समीक्षा के बाद सभी आरोपियों को नवंबर और दिसंबर में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 16 मोबाइल और सात सिम कार्ड बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने कुरियर कंपनियों के फर्जी अधिकारी बनकर कथित तौर पर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### मिजोरम: सीएडीसी के चार जेडपीएम सदस्य भाजपा में शामिल हुए

**आइजोल :** दक्षिण मिजोरम के लॉन्गतलाई जिले की चकमा स्वायत्त जिला परिषद (सीएडीसी) में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के चार सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को यह जानकारी दी। भाजपा की मिजोरम इकाई के अध्यक्ष वनलालहमुअका ने बताया कि जेडपीएम के तीन सदस्य शनिवार को और एक सदस्य सोमवार को भाजपा में शामिल हो गया, जिससे 20 सदस्यीय सीएडीसी में पार्टी के सदस्यों की संख्या नौ से बढ़कर 13 हो गई। देश के संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत 1972 में मिजोरम में चकमा के लिए गठित सीएडीसी में बोर्ड या कार्यकारी निकाय के गठन के लिए 11 सीट की आवश्यकता होती है।

### हरियाणा के हिसार में ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**हिसार :** हरियाणा के हिसार जिले के बुडाना गांव में ईंट-भट्ठे की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि हादसा उस समय हुआ जब बच्चे सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने बताया कि मृतकों की पहचान निशा (तीन माह), सूरज (नौ), नंदिनी (पांच) और विवेक (नौ) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार बुडाना में भट्ठे पर उत्तर प्रदेश के कई मजदूर परिवार काम करते हैं। भट्ठे पर ईंट बनाने और चिमनी के पास खंभे लगाने का काम किया जा रहा है। बच्चे और कुछ मजदूर भट्ठे की दीवार के पास सो रहे थे, तभी वह उन पर गिर गई। हांसी के पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि सूरज, नंदिनी और विवेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निशा ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पांच वर्षीय गौरी की हालत गंभीर है जिसका इलाज हिसार के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि सभी पांच बच्चे उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर जिले के बधाव गांव के निवासी थे।

### दिल्ली के स्कूलों में 'अवैध बांग्लादेशियों' का दाखिला रोकने के लिए दस्तावेजों की जांच का निर्देश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने दाखिले के दौरान दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में सोमवार को एक परिपत्र जारी किया, जिसमें कहा गया कि विद्यालयों को ''अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों'' के दाखिले को रोकना चाहिए। परिपत्र के अनुसार, ''विद्यालयों को सख्त प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करनी चाहिए। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के नामांकन को रोकने के लिए छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन करना चाहिए, विशेष रूप से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के अनधिकृत प्रवेश का पता लगाने और रोकने के लिए गहन जांच करनी चाहिए।'' निदेशालय ने सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देश दिया कि वे संदेह की स्थिति में मामले को स्थानीय पुलिस और राजस्व प्राधिकरण को भेजें। शिक्षा निदेशालय ने स्कूल प्रमुखों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रवासी बच्चों का नामांकन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन और प्रबंधन सावधानीपूर्वक किया जाए।

# समाज में हिंसा की घटनाओं से पीड़ा होती है, ऐसी चुनौतियों से लड़ने के लिए एक साथ आएं: मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रिसमस के त्योहार से पहले सोमवार को ईसा मसीह की शिक्षाओं को रेखांकित करते हुए देशवासियों से भाईचारे की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया और कहा कि जब हिंसा फैलाने तथा समाज में व्यवधान पैदा करने के प्रयास होते हैं तो इससे उनके दिल को पीड़ा होती है। राजधानी दिल्ली स्थित सीबीसीआई सेंटर परिसर में कैथोलिक बिशप्स कांफ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) की ओर से आयोजित क्रिसमस समारोह में भाग लेने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में ऐसी चुनौतियों से लड़ने के लिए एक साथ आने की बात भी



कही। उन्होंने यह भी कहा कि देश के भविष्य के लिए हर किसी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का जश्न मनाती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी इस भावना को मजबूत बनाने के लिए काम करें।'' जर्मनी के क्रिसमस बाजार की एक हालिया घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, '' यह मेरे दिल को पीड़ा देता है जब हिंसा फैलाने और समाज में व्यवधान पैदा करने के प्रयास होते हैं।'' मोदी ने कहा कि यह आवश्यक है कि ''हम ऐसी चुनौतियों से लड़ने के लिए एक साथ आएं!'' जर्मनी में कुछ दिन पूर्व ही एक बड़ी घटना देखने को मिली थी जब वहां के मैगडेबर्ग में एक कार क्रिसमस बाजार में घुस गई और लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 60 से ज्यादा लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया कि सबके सामूहिक प्रयास से हम हमारे देश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सभी का लक्ष्य है और हमें इसे मिलकर पाना है।

# असम में बांग्लादेश के 22 घुसपैठिए पकड़े गए, वापस भेजा गया: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि असम पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में पांच बच्चों सहित 22 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु से गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद 16 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया, वे दक्षिण सलमार जिले की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद पता चला कि पकड़े गए लोग बांग्लादेशी हैं। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों में सात पुरुष, चार महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं और इन लोगों को सीमा पार भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ''घुसपैठियों की अंतरराज्यीय आवाजाही का भंडाफोड़, 16 बांग्लादेशी पकड़े गए। सलमार



पुलिस द्वारा चलाए गए एक बेहतरीन अभियान में अवैध रूप से रह रहे 16 बांग्लादेशी पकड़े गए, जो बेंगलुरु से गुवाहाटी रेलवे स्टेशन आए थे और दक्षिण सलमार मनकाचर जिले की ओर बढ़ रहे थे। जांच के बाद उनकी बांग्लादेशी नागरिकता की पुष्टि हुई। इन लोगों को सीमा पार वापस भेजा जा रहा है'। शर्मा ने बताया कि इससे पहले दिन में असम पुलिस ने अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में छह बांग्लादेशियों को पकड़ लिया और उन्हें पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। हालांकि, उन्होंने भारत-बांग्लादेश सीमा के उस क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया जहां उन्हें रखा गया था। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''असम में अवैध घुसपैठ के लिए कोई जगह नहीं है, घुसपैठ के प्रयासों के खिलाफ सख्त निगरानी करते हुए असम पुलिस ने छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ लिया और उन्हें सीमा पार भेज दिया।''

## युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध: रीजीजू

**नाहरलगुन :** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। रीजीजू ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (उत्तर पूर्व सीमांत मुख्यालय) द्वारा आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए पिछले 10 वर्षों में केंद्र के विकास प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने रेखांकित किया कि रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार उपलब्ध कराना है। संसदीय एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रीजीजू ने केंद्रीय सशस्त्र बलों के लिए चयनित 258 सफल



प्रतियोगियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। रीजीजू ने नए भर्ती हुए युवाओं को बधाई देते हुए उन्हें 2047 तक 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ने सफल प्रतियोगी को भविष्य में देश के नेतृत्व की जिम्मेदारी लेने की अपील करते हुए इसे राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम करार दिया। इससे पहले दिन के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से देश भर के विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों के लिए चयनित 71,000 से अधिक सफल प्रतियोगियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## राहुल ने राजनीतिक कारणों से, नफरत पैदा करने के लिए किया परभणी का दौरा: फडणवीस

**पुणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि परभणी में हिरासत में मारे गए एक दलित व्यक्ति के परिजनों से मिलने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दौरा 'केवल राजनीतिक कारणों से' और 'नफरत पैदा करने' के लिए किया गया था। राहुल गांधी ने इससे पहले आज दिन में परभणी में सोमनाथ सूर्यवंशी के परिजनों से मुलाकात की और कहा कि सोमनाथ इसलिए मारे गए क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। सोमनाथ उन 50 से अधिक लोगों में शामिल थे जिन्हें 10 दिसंबर को बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास लगी संविधान की प्रतिकृति





के अपमान के बाद भड़की हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था। परभणी में शंकर नगर निवासी सोमनाथ (35) को परभणी जिला केंद्रीय जेल में रखा गया और छाती में दर्द तथा बेचैनी की शिकायत के बाद एक सरकारी अस्पताल में 15 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि पुलिस ने सोमनाथ सूर्यवंशी को मार डाला और यह 'शत प्रतिशत हिरासत में मौत' का मामला है। पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ''राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक कारणों से आए हैं। उनका काम लोगों में नफरत फैलाना है। हम सभी मामलों की जांच कर रहे हैं। मामला अदालत में है।'' गृह मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ''अगर यह साबित हो जाता है कि मौत पुलिस की पिटाई से हुई है, तो किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।''

## पोंजी योजना संचालक को बैंक खातों में मिले 360 करोड़ रुपये, अदालत का अग्रिम जमानत देने से इनकार

**अहमदाबाद :** गुजरात उच्च न्यायालय ने सोमवार को करोड़ों रुपये के पोंजी स्कीम घोटाले में कुछ क्रिकेटरों से लेकर स्कूल शिक्षकों समेत निवेशकों को ठगने के आरोपी भूपेंद्र सिंह जाला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम.आर. मेंगडे की एकल पीठ ने कहा कि वह जाला की याचिका को स्वीकार करने की इच्छुक नहीं हैं तथा दोनों पक्षों को सुनने के बाद इसे खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि जाला को अलग-अलग खातों में 360 करोड़ रुपये मिले थे, जिसे उसने निकाल लिया। जब उसके खाते से लेन-देन पर रोक लगायी गयी तब उसमें केवल एक करोड़ रुपये थे। जाला को किसी भी तरह की राहत दिए जाने का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि कथित घोटाले के पैमाने का पता लगाने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है। पुलिस ने बताया कि कथित घोटाला नवंबर में उजागर हुआ था, जब राज्य सीआईडी को जाला के बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन का पता चला था। जाला ने जमा राशि पर 36 प्रतिशत लाभ का वादा करके लोगों को कथित तौर पर धोखा दिया था। जांच से पता चला कि बीजेड फाइनेंशियल सर्विस सहित जाला की चार संस्थाओं से जुड़े चार बैंक खातों में 2020 और 2024 के बीच 360.72 करोड़ रुपये आए, जिसमें से उसने 100 करोड़ रुपये का इस्तेमाल नौ करोड़ रुपये की पांच लग्जरी कारों सहित 17 संपत्तियां खरीदने के लिए किया। पुलिस ने बताया कि साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर तालुका निवासी जाला द्वारा शुरू की गई इस योजना में पांच से छह क्रिकेटर और कई स्कूल शिक्षक निवेशकों में शामिल थे। सीआईडी ने बताया कि पुलिस को एक गुमनाम आवेदन के माध्यम से सूचना मिली थी जिसके बाद पिछले महीने जाला की गतिविधियों पर नजर रखी। प्रथम दृष्टया, उसने उत्तर गुजरात, गांधीनगर और वडोदरा में कार्यालय खोले थे, ताकि अनजान लोगों से जमा राशि एकत्र की जा सके। इस मामले में प्राथमिकी 27 नवंबर, 2024 को दर्ज की गई थी।

## संसद में सांसदों के बीच धक्का मुक्की के दौरान हमारी ओर से कोई गलती नहीं हुई: सीआईएसएफ

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) से सोमवार को जब संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के बारे में पूछा गया तो उसने कहा कि उसकी तरफ से कोई चूक नहीं हुई। सीआईएसएफ ने यह भी कहा कि सांसदों द्वारा आरोप लगाए जाने पर वह चुप रहना पसंद करेगा। संसद परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ संभाल रहा है। सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (परिचालन) श्रीकांत किशोर ने संवाददाताओं से कहा, ''कोई गलती (सीआईएसएफ की ओर से) नहीं हुई। अगर चूक से आपका आशय कुछ हथियारों को अंदर ले जाने देने से है तो मैं आपको बता सकता हूं कि किसी हथियार की अनुमति नहीं दी गई।'' जब उनसे सांसदों के आरोप-प्रत्यारोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''जब माननीय सदस्य आरोप लगाते हैं तो बल चुप रहना पसंद करेगा।'' किशोर ने कहा कि सीआईएसएफ संसद के मकर द्वार के पास हुई घटना के मामले में कोई जांच नहीं कर रहा। संसद परिसर में गत बृहस्पतिवार को बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्य प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे के सामने आ गए तथा कथित तौर पर धक्का-मुक्की की। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के दो सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत चोटिल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## सोमनाथ सूर्यवंशी दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे इसलिए उनकी हत्या की गई: राहुल गांधी

**परभणी (महाराष्ट्र) :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के परभणी में संविधान की प्रतिकृति क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना के मद्देनजर सोमवार को आरोप लगाया कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने परभणी में सूर्यवंशी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात के बाद आरोप लगाया कि पुलिस ने सूर्यवंशी की हत्या की है और यह ''शत-प्रतिशत हिरासत में मौत'' का मामला है। गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सूर्यवंशी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की जिन्होंने उन्हें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ-



साथ कुछ तस्वीरें और वीडियो भी दिखाए। मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त किये जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। परभणी के शंकर नगर निवासी सूर्यवंशी (35) उन 50 से अधिक लोगों में शामिल थे, जिन्हें हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

## गणतंत्र दिवस 2025: झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारत, 15 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों का चयन

**नयी दिल्ली :** आगामी गणतंत्र दिवस परेड में झांकियों के प्रदर्शन का विषय 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' है तथा 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर झांकियां प्रस्तुत करने के लिए 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का चयन किया गया है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये राज्य और केंद्रशासित प्रदेश हैं - आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नागर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इसके अलावा, 2025 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों और विभागों का भी चयन किया गया है। बयान में कहा गया है, ''हर साल राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और केंद्र सरकार के मंत्रालय/विभाग गणतंत्र दिवस समारोह (आरडीसी) के हिस्से के रूप में कर्तव्य पथ पर अपनी झांकियां प्रदर्शित करते हैं। आरडीसी-2025 के लिए झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' तय किया गया है।'' इसमें कहा गया है, ''सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को, चाहे उनका चयन कर्तव्य पथ के लिए हो या ना हो, लाल किले में भारत पर्व (26-31 जनवरी) के दौरान अपनी झांकी प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।'' मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि झांकी गणतंत्र दिवस परेड के महत्वपूर्ण घटकों में से एक होती हैं। बयान में कहा गया है कि परेड की कुल अवधि में झांकियों के लिए आवंटित समय के कारण, विशेषज्ञ समिति द्वारा झांकियों का चयन किया जाता है।'' बयान में कहा गया है, ''विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों द्वारा प्रस्तुत झांकी के विचारों का मूल्यांकन करते समय, वैचारिक विशिष्टता एवं नवीनता, स्पष्ट, संप्रेषणीय संदेश के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति, सूक्ष्मता के साथ-साथ प्रत्यक्षता का संयोजन, प्रत्येक झांकी में विरासत तथा विकास के बीच संतुलन, दोहराव वाले विचारों का बहिष्कार, रंग, रूप, बनावट, प्रवाह, लय, अनुपात व संतुलन जैसे विवरणों पर विशेष ध्यान, भव्य पैमाने का एक सुव्यवस्थित सौंदर्य अनुभव सुनिश्चित करना जैसे प्रमुख पहलुओं को चयन के लिए ध्यान में रखा गया।''

## न्यूज अपडेट

### हवाई पट्टी की 'रिकार्पेटिंग' एक महीने में नहीं हुई तो अधिकारियों को निलंबित किया जाएगा: गडकरी

**नागपुर :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि यदि नागपुर हवाईअड्डे के रनवे पर 'रिकार्पेटिंग' का काम एक महीने में पूरा नहीं हुआ तो अधिकारियों को निलंबित कर दिया जाएगा। रनवे पर पिछली बार 'रिकार्पेटिंग' का काम 2013-14 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के माध्यम से किया गया था। गडकरी ने सोमवार सुबह नागपुर हवाईअड्डे पर रनवे का निरीक्षण किया। नागपुर हवाईअड्डे पर मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल), एएआई के साथ मिलकर काम करता है। एमआईएल के अनुसार एएआई ने सूचित किया है कि परियोजना मई 2025 तक पूरी हो सकती है, बशर्ते रनवे रोजाना आठ घंटे के लिए उपलब्ध हो। नागपुर से लोकसभा सदस्य गडकरी ने कहा कि उड़ानों का समय बदलने और हवाई टिकट की कीमत बढ़ने से लोग परेशान होते हैं। गडकरी ने हवाई पट्टी का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि एएआई ने मई 2024 में मैसर्स केजी गुप्ता को 'रिकार्पेटिंग' का काम सौंपा था।

### तोड़फोड़ की घटना के बाद अल्लू अर्जुन के आवास की सुरक्षा बढ़ाई गई, बीआरएस ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**हैदराबाद :** पुलिस ने तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर हुई तोड़फोड़ की घटना के एक दिन बाद सोमवार को उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी, वहीं तेलंगाना में विपक्षी दलों ने इस घटना को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला बोला। उस्मानिया यूनिवर्सिटी-ज्वाइंट एक्शन कमेटी (ओयू-जेएसी) के सदस्य होने का दावा करने वाले छह लोगों ने रविवार शाम को अर्जुन के आवास पर फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त कर दिया और टमाटर फेंके। तोड़फोड़ की घटना में शामिल लोगों को एक अदालत ने जमानत दे दी है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा सदस्य डी. के. अरुणा ने दावा किया कि 42 वर्षीय अभिनेता के घर में तोड़फोड़ करने वालों में से चार लोग मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के विधानसभा क्षेत्र कोडंगल से हैं। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इससे संदेह पैदा हो रहा है कि क्या यह कांग्रेस की साजिश थी। विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। बीआरएस विधायक टी. हरीश राव ने कहा कि 2024 में हैदराबाद में 35,944 से अधिक अपराध के मामले दर्ज किए गए हैं और आरोप लगाया कि अल्लू अर्जुन के आवास पर ''चौंकाने वाली'' पथराव की घटना ''शासन की पूर्ण विफलता'' है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने ''फिल्मी हस्तियों'' के आवास पर हमले की निंदा करते हुए रविवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और शहर के पुलिस आयुक्त को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया।

### रोजगार मेला में आरक्षित श्रेणियों के 39,000 से अधिक लोगों की भर्ती की गई: केंद्रीय मंत्री जितेंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि सोमवार को रोजगार मेले के दौरान आरक्षित श्रेणियों के 39,000 से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी पदों पर भर्ती के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए जो सामाजिक समानता के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता की मजबूत पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोजगार मेले के नवीनतम संस्करण की अध्यक्षता की जहां देश भर में 45 स्थानों पर ऑनलाइन माध्यम से 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने वितरण से पहले उपस्थित लोगों को संबोधित किया तथा देश के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने पर ऐसी पहलों के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आज के रोजगार मेले में वितरित किए गए 71,000 नियुक्ति पत्रों में से 39,118 आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों को आवंटित किए गए हैं। सिंह ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) के महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि यह पहल देश भर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के अलावा समान अवसर पैदा करने पर सरकार के ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। सामाजिक समानता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि नई नियुक्तियों में 29.21 प्रतिशत ओबीसी से संबंधित हैं, जो पिछले दशक की तुलना में समुदाय के लिए भर्ती में 27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मंत्री ने बताया कि 15.8 प्रतिशत नियुक्तियां अनुसूचित जाति वर्ग से तथा 9.59 प्रतिशत नियुक्तियां अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हैं।

# गलत सूचना, फर्जी खबरों में समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने की ताकत होती है: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि गलत सूचना, भ्रामक सूचना और फर्जी खबरों में इतनी ताकत होती है कि ये नयी तकनीक के साथ हमारे समाज के ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के लिए तैयार रहते हैं। शाह ने यह भी रेखांकित किया कि देश में विभाजनकारी ताकतें अभी भी सक्रिय हैं। शाह ने '37वें इंटेलिजेंस ब्यूरो सेन्टनेरी इंडाउमेंट व्याख्यान' देते हुए कहा कि जिस समाज में सामाजिक एकता ही न हो, वो देश किसी भी मायने में प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि इन सब चुनौतियों का जवाब देने और पूरी पुलिस बल को जवाब देने के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी आज देश



के सूचना वीरों की है। उन्होंने कहा कि खतरों की तुरंत पहचान करके और उन्हें खत्म करके, खुफिया तंत्र समाज के भीतर विश्वास और स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि यदि नक्सलवाद, आतंकवाद, संगठित अपराध, विभाजनकारी ताकतों, सांप्रदायिकता, मादक पदार्थों और असामाजिक तत्वों जैसी चुनौतियों पर पूरी तरह से काबू पाना है, तो समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबसे जरूरी है। शाह ने कहा कि गलत सूचनाओं का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत है और दुष्प्रचार के प्रसार को शून्य तक कम करने के लिए एक रणनीति, तकनीक और तत्परता की जरूरत है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि खुफिया ब्यूरो (आईबी) को विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए खुद को अत्याधुनिक एजेंसी बनने के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। शाह ने कहा कि ''जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते हैं, प्रतिस्पर्धा तेज होती है, खतरे बढ़ते हैं और अवरोधक ताकतें उभरती हैं।'' उन्होंने कहा कि मुख्यालय से लेकर पुलिस थानों और कांस्टेबलों तक इन खतरों से निपटने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण युवा अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 2047 तक पूर्ण विकसित भारत को प्राप्त करने के लिए, हमें सभी संभावित खतरों की कल्पना करनी चाहिए और राष्ट्र को उनसे बचाने के लिए एक व्यापक रूपरेखा तैयार करना चाहिए।

## शिमला में इस मौसम में दूसरी बार हल्की बर्फबारी, पर्यटन क्षेत्र के लोग और किसान खुश

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला सोमवार को एक बार फिर से बर्फ की चादर से ढक गई। बर्फबारी की खबर से जहां पर्यटक खासे उत्साहित हैं वहीं पर्यटन उद्योग से जुड़े स्थानीय लोगों और किसानों के चेहरों पर भी खुशी की अलग ही चमक देखी जा सकती है। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बर्फबारी से स्थानीय लोगों को पर्यटकों के बड़ी संख्या में यहां आने और किसानों को सेब की बढ़िया फसल होने की उम्मीद बंधी है। ठंडी हवाएं चलने के बीच लोग बर्फबारी का आनंद लेने के लिए घरों से बाहर निकल आए। शहर के रिज और मॉल रोड पर पर्यटकों को बर्फबारी का आनंद लेते देखा गया। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि आसपास के पर्यटक स्थल कुफरी और नारकंडा के अलावा खड़ापत्थर, चूड़धार और चांशल



जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई। स्थानीय मौसम विभाग ने सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार और शनिवार को मध्य और ऊंचे इलाकों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया था। शिमला के ऊंचाई वाले क्षेत्र में बर्फबारी से किसानों को सेब की अच्छी पैदावार की उम्मीद है। बर्फबारी को सेब की पैदावार के लिए ''सफेद खाद'' माना जाता है। सेब की खेती हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लगभग 5,000 करोड़ रुपये का योगदान देती है। बर्फबारी से राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। एक स्थानीय होटल व्यवसायी सुशांत नाग ने कहा कि बर्फबारी के कारण पर्यटकों की संख्या बढ़ने से होटल में बुकिंग भी बढ़ने की संभावना है।

## भारतीय टीम में 20 विकेट लेने की क्षमता बहुत अच्छी नहीं है: पुजारा



**मेलबर्न :** चेतेश्वर पुजारा ने सोमवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण उतना मजबूत नहीं है जो वह एक टेस्ट मैच में 20 विकेट ले सके तथा यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम दो मैच में टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। अगले दो टेस्ट मैच मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे। भारत अभी तक गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहा है। उन्होंने लाल और गुलाबी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पा रहा है। पुजारा ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मेरा सबसे बड़ा सवाल और थोड़ी चिंता का कारण यह है कि भारतीय गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिख रही है।' उन्होंने कहा, 'बल्लेबाजी थोड़ी बेहतर है भले ही चोटी के पांच बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं लेकिन मध्यक्रम और निचले मध्यक्रम के बल्लेबाज जैसे कि रविंद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी तथा यहां तक कि बुमराह और आकाशदीप भी बल्ले से अपना योगदान दे रहे हैं।' पुजारा ने कहा, 'अब जबकि गेंदबाजी कमजोर है तो फिर टीम संयोजन क्या होगा। यह सबसे बड़ा सवाल है क्योंकि आप नीतीश को बाहर नहीं कर सकते, जडेजा को बाहर नहीं कर सकते, तो फिर टीम का संयोजन क्या होगा।' इस बल्लेबाज को लगता है कि नीतीश रेड्डी और रविंद्र जडेजा चौथे और पांचवें गेंदबाज की भूमिका अच्छी तरह से नहीं निभा पा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'रविचंद्रन अश्विन ने संन्यास ले लिया है और मुझे नहीं लगता कि हम मेलबर्न में दो स्पिनर के साथ उतरेंगे। ऐसे में आप अपनी गेंदबाजी को कैसे मजबूत करेंगे। क्योंकि तीनों तेज गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन चौथे और पांचवें गेंदबाज के रूप में नीतीश और जडेजा से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिल रहा है। अगर आप इन दोनों को जोड़ कर देखते हैं तो गेंदबाजी बहुत अच्छी नजर नहीं आती है।'

## खेलरत्न की अनुशंसा में मनु भाकर का नाम नहीं, मंत्रालय ने कहा कि सूची फाइनल नहीं

**नयी दिल्ली :** दो ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर की इस साल ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार के लिये उपेक्षा किये जाने की खबरों के बीच खेल मंत्रालय के एक शीर्ष सूत्र ने कहा है कि अभी नाम तय नहीं हुए हैं और एक सप्ताह में पुरस्कारों का खुलासा होने पर उसका नाम सूची में होगा। अगस्त में पेरिस ओलंपिक में मनु एक ही खेलों में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली खिलाड़ी बन गई जब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मनु के परिवार ने कहा कि उन्होंने पुरस्कार के लिये आवेदन भरा था। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, 'अभी अंतिम सूची तय नहीं हुई है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया एक या दो दिन में अनुशंसा पर फैसला लेंगे और अंतिम सूची में मनु का नाम होने की पूरी संभावना है।'

# शमी पूरी तरह फिट नहीं, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन पर विचार नहीं

**नयी दिल्ली :** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो टेस्ट मैचों की टीम के चयन की दौड़ से बाहर रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। शमी (34 साल) भारत के लिए पिछला टूर्नामेंट नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल में खेले थे और इसके बाद टखने की सर्जरी के कारण उन्हें लंबे समय तक बाहर रहने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने इस चोट से उबर कर पिछले महीने रणजी मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ बंगाल का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इस मैच में 43 ओवर गेंदबाजी की थी। भारतीय टीम में वापसी की उम्मीदों को पुख्ता करने के लिए शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी (एसएमएटी) के दौरान बंगाल के सभी नौ मैच खेले। वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम का भी हिस्सा हैं, लेकिन शनिवार को दिल्ली के खिलाफ शुरुआती मैच में नहीं खेले। उनकी फिटनेस पर काफी बहस और अटकलें लगाई जा रही हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ब्रिसबेन टेस्ट के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के फिजियो से इस मामले पर स्पष्टता मांगी थी। शमी को एसएमएटी खेलते समय घुटनों में सूजन आ गई थी और इस संबंध में बीसीसीआई की ओर से आखिरकार सोमवार को स्पष्टीकरण आया। बीसीसीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, 'मौजूदा चिकित्सा मूल्यांकन के आधार पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने निर्धारित किया है कि उनके घुटने को नियमित गेंदबाजी के भार से सामंजस्य बैठाने के लिए और समय की आवश्यकता है। ऐसे में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शेष दो टेस्ट के लिए उनके नाम पर विचार करने के लिए फिट नहीं माना गया है।' उन्होंने कहा, 'शमी बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में मेडिकल स्टाफ के मार्गदर्शन में इससे उबरने की प्रक्रिया जारी रखेंगे के साथ वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी गेंदबाजी भार को बढ़ाना जारी रखेंगे। विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी भागीदारी उनके घुटने की प्रगति पर निर्भर करेगी।' बोर्ड की मेडिकल टीम ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज एड़ी की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं। वह इसी चोट के कारण एकदिवसीय विश्व कप के बाद से खेल से दूर रहे हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के साथ उनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी के बाद उनकी रिहैबिलिटेशन पर काम किया है। शमी एड़ी की इस समस्या से पूरी तरह से उबर चुके हैं।' उन्होंने कहा, 'चोट से उबरने के बाद गेंदबाजी के कारण घुटने की जोड़ पर अधिक भार पड़ने से उनके बाएं घुटने में मामूली सूजन आ गई है। लंबे समय के बाद अधिक गेंदबाजी करने के कारण यह सूजन अपेक्षित स्तर पर है।' शमी ने चोट से उबर कर वापसी पर रणजी मैच में 43 ओवर गेंदबाजी की थी। इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अपने सभी नौ मैच में गेंदबाजी करने के साथ टेस्ट मैचों के लिए तैयार होने के लिए अतिरिक्त गेंदबाजी सत्रों में भी भाग लिया था। शमी ने 64 टेस्ट में 229, 101 एकदिवसीय में 195 और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 24 विकेट लिये है।



## शाहू माने ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला खिताब जीता, रूद्रांक्ष ने जूनियर वर्ग में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**भोपाल :** शाहू तुषार माने (रेलवे) ने 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में सीनियर स्तर पर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता जबकि महाराष्ट्र के पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने सोमवार को यहां विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। रूद्रांक्ष ने 254.9 का शानदार स्कोर बनाकर जूनियर फाइनल जीता। उन्होंने इस दौरान ओलंपिक चैंपियन शेंग लियाओ (चीन) द्वारा बनाये गए सीनियर फाइनल विश्व रिकॉर्ड को 0.4 अंकों से पार किया। रेलवे के माने ने 24 निशाने के फाइनल के दौरान कभी भी 10.1 से कम का निशाना नहीं लगाने के बावजूद बेहद मामूली अंतर से खिताब अपने नाम किया। कोल्हापुर के इस निशानेबाज ने धनुष श्रीकांत की आखिरी समय में की गई जोरदार वापसी को विफल कर दिया। श्रीकांत ने 252.2 अंक बटोरे और माने से सिर्फ 0.1 अंक पीछे रहे। राजस्थान के यश वर्धन ने कांस्य पदक जीता और रूद्रांक्ष ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इस फाइनल में एक अन्य ओलंपियन रवि कुमार आठवें स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन रूद्रांक्ष ने सीनियर फाइनल में निराशा के बाद जूनियर पुरुषों के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कर्नाटक के अभिषेक शेखर को 3.5 अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण जीता। हरियाणा के हिमांशु ने कांस्य पदक हासिल किया।

## गुजरात जायंट्स को हराकर दबंग दिल्ली सेमीफाइनल में

**पुणे :** दबंग दिल्ली ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लीग चरण के अपने आखिरी मुकाबले में सोमवार को यहां 45-31 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया। इस जीत से दबंग दिल्ली के 22 मैचों में 81 अंक हो गये और टीम ने तालिका में हरियाणा स्टीलर्स के बाद दूसरा स्थान तय कर लिया। दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गयी जबकि चौथे से छठे स्थान की टीमें प्लेऑफ में भिड़ेंगी।दिल्ली की जीत के नायक कप्तान आशु मलिक (14 अंक) रहे। उन्हें आशीष (सात अंक) और नवीन कुमार (छह) का अच्छा साथ मिला।

## न्यूज अपडेट

### खो-खो विश्व कप में 21 पुरुष और 20 महिला टीमों की होगी भागीदारी

**नयी दिल्ली :** भारत की मेजबानी में अगले महीने आयोजित होने वाले पहले खो-खो विश्व कप को लेकर अत्यधिक रुचि के कारण भाग लेने वाली टीमों की संख्या में बढ़ोतरी की है। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने सोमवार को बताया कि इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में पहले 16-16 टीमों को भाग लेना था लेकिन दिल्ली और नोएडा में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में अब 21 और महिला वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी। इस विश्व कप में एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया महाद्वीपों के देश चुनौती पेश करेंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हम विदेशी प्रतिनिधियों की सुविधाओं को ध्यान में रख रहे हैं। हमने अपने मेहमानों के लिए उनकी आहार संबंधी जरूरतों के मुताबिक योजना तैयार की है। हम उन्हें आहार, रहने और परिवहन सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं, ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां रहने के दौरान कोई भी समस्या नहीं होगी।' उन्होंने कहा, 'हमने नतीजों के इतर सभी देशों के लिए टूर्नामेंट के अंत तक यहां रूकने का प्रावधान किया है।' खो-खो विश्व कप 2025 में भाग लेने वाले देश: अफ्रीका: पुरुष: घाना, कीनिया, दक्षिण अफ्रीका। महिला: कीनिया, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा। एशिया: पुरुष: बांग्लादेश, भूटान, भारत (मेजबान), ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका। महिला: बांग्लादेश, भूटान, भारत (मेजबान), इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका।

### संजना ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में दो रजत पदक जीते

**दोहा :** भारतीय भारोत्तोलक संजना ने सोमवार को यहां एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 76 किग्रा युवा लड़कियों और जूनियर महिला वर्गों में रजत पदक जीतकर देश के लिए एक और उपलब्धि हासिल की। संजना के सभी छह प्रयास सफल रहे। स्नैच में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 90 किग्रा जबकि क्लीन एवं जर्क में 120 किग्रा का रहा। कजाकिस्तान की झुमागाली अयानत ने कुल 215 किग्रा (94+121) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही महाद्वीपीय स्पर्धा में भारत की पदक संख्या आठ हो गई।

### फॉर्म में चल रही भारतीय महिला टीम की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला जीतने पर

**वडोदरा :** रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत में से एक दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आत्ममुग्धता से बचकर श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पहले एकदिवसीय में सभी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 211 रन की शानदार जीत दर्ज की। आगामी महीनों में भारतीय टीम के सभी मुकाबले महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि अगले साल देश में आईसीसी विश्व कप का आयोजन होना है। भारत अब तक महिलाओं का विश्व कप नहीं जीत पाया है और टीम स्वदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के खिताब के सूखे को खत्म करने को बेताब होगी। मेजबान टीम को पता है कि आईसीसी विश्व कप में अगर उसे ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में उतरना है तो इसके लिए पुख्ता तैयारी की जरूरत होगी। नए सत्र की भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे ऑस्ट्रेलिया में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा। टीम ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया की तुलना में कहीं कमजोर टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ वापसी करते हुए 2-1 से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती और फिर एकदिवसीय श्रृंखला में भी जीत से शुरुआत की। वेस्टइंडीज को हराकर सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम ने घरेलू सरजमीं पर पांच साल में पहली श्रृंखला जीती। भारतीय टीम पिछले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के नाकाम रही थी और इसे देखते हुए टीम को इस बार पुख्ता तैयारी करनी होगी।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला), 41, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता-700017, फोन : (033) 40044089
ई-मेल: aimf1935@gmail.com, वेबसाइट: www.marwarisammelan.in

90वाँ स्थापना दिवस समारोह
बुधवार, 25 दिसंबर 2024 • सुबह 10 बजे
जी. डी. बिड़ला सभागार
29, आशुतोष चौधरी एवेन्यू, बालीगंज, कोलकाता-700 019

उद्घाटनकर्ता

श्री वासुदेव देवनानी
अध्यक्ष
राजस्थान विधान सभा

विशिष्ट अतिथि

श्री रवि गाँधी
अतिरिक्त महानिदेशक, कोलकाता
सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान

सभापतित्व

श्री शिव कुमार लोहिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

नाटक-उळझ्याँ ई सुळझै
मरुधारा संस्था द्वारा प्रस्तुति

साहित्य अकादमी से पुरस्कृत, राजस्थान रत्न से सम्मानित, पद्मश्री विजयदान जी देथा का लोक कथाओं के विकास में अतुलनीय योगदान है। राजस्थानी और हिन्दी के परम विद्वान साहित्यकार, पद्मश्री देथाजी की कहानियों पर आधारित है...उळझ्याँ ई सुळझै।
कोई सौ, सवा सौ साल पहले का काल खंड-राजस्थान का सामान्य ग्रामीण जन जीवन। तरवार गमगी, बांणिया रौ गरु, भूतनी-श्री देथाजी की, इन तीन चुनी हुई सशक्त कहानियों को पिरोता है यह सांस्कृतिक कार्यक्रम। कोलकाता में विगत ३९ वर्षों से राजस्थानी संस्कृति की धाराओं को लगातार बहा रही है महिला संचालित संस्था मरुधारा द्वारा अनुपम प्रस्तुति।
निर्देशन - श्रीमती शुभ्रा अग्रवाल

प्रवेश कार्ड सम्पर्क
राजेश - 9903149914, रजत - 8697317557

समाजबन्धुओं की सपरिवार उपस्थिति सादर प्रार्थित है

विशेष
अल्पाहार : सुबह 10.00 से 10.30 बजे तक
कृपया सुबह 10.35 के पूर्व अपना स्थान ग्रहण करें।

:: निवेदक ::
गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, स्वागताध्यक्ष
दिनेश जैन, रंजीत जालान, मधुसूदन सीकरिया, राज कुमार केडिया, निर्मल झुनझुनवाला, सुभाष अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण
कैलाशपति तोदी, राष्ट्रीय महामंत्री
पवन जालान, संजय गोयनका, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री
महेश जालान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री
केदार नाथ गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

वर्ष 9, पूर्णांक 4098 अंक 248, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in